# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 4 अक्टूबर 2024




# पीएम मोदी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, मगर ये नहीं बताते कि हरियाणा बेरोजगारी में पहले नंबर पर कैसे पहुंचा?

**हरियाणा चुनाव**

**पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने नूंह रैली में भाजपा व प्रधानमंत्री पर बोला बड़ा हमला**

**प्रचार के अंतिम दिन सभी पार्टियों ने लगाया जोर**

**राज्य में 5 अक्टूबर को होना है विधानसभा चुनाव के लिए मतदान**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा के नूंह में प्रचार अभियान के आखिर दिन गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी काफी कूल दिख रहे थे लेकिन बेरोजगारी, संविधान और नफरत के मुद्दे पर बीजेपी और मोदी सरकार पर काफी आक्रामण पर आक्रमण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज एक बार फिर संविधान को बचाने की लड़ाई चल रही है। राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी और आरएसएस देश के संविधान को खत्म करने पर तुली है। हमें इसके साथ डटकर मुकाबला करना है। हरियाणा में बेरोजगारी चरम पर है। गांधी ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ रही है। संविधान और लोकतंत्र बचेगा तभी गरीबों, किसानों, मजदूरों को अपना हक मिलेगा।



### उठाया बेरोजगारी का मुद्दा

राहुल गांधी ने इस दौरान हरियाणा में रोजगार का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि मैं पिछले दिनों अमेरिका गया। वहां मुझे हरियाणा के लोग मिले। मैंने उनसे पूछा- आप हरियाणा छोड़ कर अमेरिका क्यों आए? उस शख्स ने कहा कि मुझे बीजेपी सरकार में हरियाणा में काम नहीं मिला। रोजगार नहीं मिला. इसी के साथ राहुल गांधी ने वादा किया हरियाणा में जब कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी, बेरोजगारों को रोजगार दिया जायेगा। गांधी ने सवाल उठाया कि हरियाणा के युवाओं को अमेरिका में रोजगार मिल सकता है लेकिन इस प्रदेश में रोजगार क्यों नहीं मिल सकता?

### नफरत को मोहब्बत से काटा जा सकता है

*जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि नफरत को नफरत से नहीं काटा जा सकता. नफरत को केवल मोहब्बत से ही काटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा की. जहां-जहां बीजेपी ने नफरत फैलाई वहां-वहां हमने मोहब्बत की दुकान खोली।*

## सोनिया से मिली सैलजा, सीटों पर दिया फीडबैक

सांसद कुमारी सैलजा ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। दस जनपथ स्थित सोनिया गांधी के सरकारी आवास पर दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात करीब आधा घंटा चली।



मुलाकात के बाद कुमारी सैलजा ने मीडिया से कोई बात नहीं की। माना जा रहा है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव से जुड़े मुद्दों पर इस मुलाकात के दौरान चर्चा हुई। गौरतलब है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में प्रचार शुरू होने के कई दिन बाद कुमारी सैलजा ने चुनावी सभाओं को संबोधित करना शुरू किया था। वे टिकट वितरण में अपनी अनदेखी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के समर्थकों को ज्यादा टिकट देने से नाराज थी। सैलजा के खफा होने का एक कारण उनको विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं देना भी रहा। वे सार्वजनिक तौर पर विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा कई बार जाहिर कर चुकी थी।

**पीएम ने एक्स पर लिखा हरियाणा के लोगों के लिए संदेश**

# हरियाणा की जनता जानती है कि कांग्रेस कभी स्थिर सरकार नहीं दे सकती : मोदी

**खास बातें**

- 'मुझे पक्का विश्वास...हरियाणा के लोग भाजपा को फिर अपना आशीर्वाद देंगे'
- कहा, लोग आज हिमाचल से कर्नाटक तक कांग्रेस सरकारों की देख रहे हैं विफलता



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हरियाणा के लोग एक बार फिर भाजपा में भरोसा जताते हुए विधानसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक लगवायेंगे। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार खत्म होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हरियाणा के लोग एक बार फिर भाजपा को अपना समर्थन देंगे। उन्होंने सोशल साइट एक्स पोस्ट पर लिखा कि राज्य के देशभक्त नागरिक कांग्रेस की विभाजनकारी और नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। पोस्ट में मोदी ने लिखा कि बीते कुछ दिनों में मैंने पूरे राज्य की यात्रा की है। मैंने लोगों का जो उत्साह देखा है, उसे देखकर मुझे ये पक्का विश्वास है कि हरियाणा के लोग भाजपा को फिर अपना आशीर्वाद देने वाले हैं।

प्रधानमंत्री ने आगे लिखा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने हरियाणा के लोगों के जीवन को समृद्ध बनाने के लिए लगातार काम किया है। हमने सभी वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। किसान हों, युवा हों, महिलाएं हों, गांव और शहरों का विकास हो, हमने कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी। हम हरियाणा को कांग्रेस के घोटालों और दंगों वाले दौर से बाहर निकालकर लाए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता-जनार्दन जानती है कि कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार, जातिवाद, सांप्रदायिकता और भाई-भतीजावाद की गारंटी है। बापू-बेटे की राजनीति का मूल उद्देश्य सिर्फ स्वार्थ है।

### कांग्रेस दलाल और दामाद का सिंडिकेट

मोदी ने कहा कि कांग्रेस यानि दलाल और दामाद का सिंडिकेट...। लोग आज हिमाचल से कर्नाटक तक कांग्रेस सरकारों की विफलता भी देख रहे हैं। कांग्रेस की नीतियां, लोगों को तबाह करती हैं इसलिए हरियाणा के लोग कांग्रेस को बिल्कुल नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता यह जानती हैं कि कांग्रेस कभी स्थिर सरकार नहीं दे सकती। हरियाणा के लोग देख रहे हैं कि कैसे कांग्रेस के नेता आपस में लड़ रहे हैं। ये हाल तब है, जब ये विपक्ष में हैं। हरियाणा के लोगों को इस बात से भी चोट पहुंच रही है कि दिल्ली और हरियाणा में बैठे दो खास परिवारों के इशारे पर पूरा हरियाणा अपमानित हो रहा है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने आरक्षण खत्म करने का बयान देकर अपने इरादे जता दिए हैं। हरियाणा का पिछड़ा और दलित समुदाय जातिगत हिंसा रोकने में विफल रहने पर पहले से ही कांग्रेस से नाराज चल रहा है। इसलिए लोगों ने कांग्रेस को फिर कड़ी सजा देने का मन बना लिया है। हरियाणा के गली-गली से एक ही आवाज आ रही है- भरोसा दिल से, भाजपा फिर से। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया की नजरें भारत पर हैं। दुनिया, भारत की ओर बहुत आशा और उम्मीद से देख रही है। ऐसे में यह बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि हरियाणा के लोग एक ऐसी सरकार चुनें, जो भारत को मजबूती देने की दिशा में प्रयास करे। कांग्रेस कभी देश को मजबूत नहीं बना सकती। इसलिए मैं हरियाणा के अपने मतदाताओं से ये आग्रह करता हूं कि वे फिर से भाजपा को अपना आशीर्वाद जरूर दें।

## लोकसभा चुनाव में टिकट दिया, अब स्टार प्रचारक फिर भी भाजपा छोड़ गए तंवर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदान से ऐन पहले अशोक तंवर का कांग्रेस में शामिल होना भाजपा के लिए बड़ा झटका है। तंवर को भाजपा कितनी अहमियत दे रही थी इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस साल हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी ने सिरसा से अपनी सांसद सुनीता दुग्गल की टिकट काट कर अशोक तंवर को उम्मीदवार बनाया था। हालांकि तंवर हार गये, बावजूद इसके वे विधानसभा चुनाव में पार्टी के स्टार प्रचारक थे। तंवर के नजदीकी लोगों का कहना है कि तंवर लगातार राहुल के संपर्क में थे। नारनौंद में सैलजा के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद से कांग्रेस बैकफुट पर थी। कांग्रेस के बड़े नेताओं को आभास था कि दलित वोट नाराज है और विधानसभा चुनाव में नुकसान हो सकता है। इसलिए तंवर को पार्टी में लाने की योजना बनी ताकि डैमेज कंट्रोल किया जा सके।

### सीधे राहुल ने कराई एंट्री, हुड्डा थे बेखबर!

अशोक तंवर की घर वापसी से पहले क्या राहुल गांधी ने भूपेन्द्र सिंह हुड्डा से बातचीत की थी? क्या हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान को बिना बताये ही तंवर को सीधा कांग्रेस में ज्वाइन करवाया गया? ये ऐसे सवाल हैं जो महेन्द्र गढ़ में कांग्रेस की जनसभा के मंच पर अशोक तंवर के आने के बाद से लोगों के बीच चर्चा का केन्द्र बन गये। मंच पर राहुल गांधी थे और हुड्डा भी। अशोक तंवर ने राहुल के सामने झुकते हुए हाथ मिलाया। बाद में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को तंवर ने नमस्कार किया। बदले में हुड्डा ने भी नमस्कार किया, पर हुड्डा के चेहरे से साफ लगा कि उनको शायद तंवर की कांग्रेस वापसी की जानकारी नहीं थी। हुड्डा भौंच्चक से दिखे।

## खटाखट कहने वाले पहले ही हो चुके सफाचट, योगी ने साधा राहुल पर निशाना



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन दिनों हरियाणा में जनसभाएं कर बीजेपी के पक्ष मे वोट करने की अपील जनता से कर रहे हैं। सीएम योगी 3 अक्टूबर को शाहबाद विधानसभा में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, 'जो राहुल गांधी 'खटाखट-खटाखट' कहने आते थे, आज वह मैदान छोड़कर पहले ही 'सफा-चट' हो चुके हैं। सीएम योगी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि, कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के दौरान देश की जनता से कहा था कि, 'भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो संविधान समाप्त कर देगी, आरक्षण समाप्त कर देंगे. उन्होंने जनता से झूठ बोला था।' सीएम योगी ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा था कि, उन्होंने कहा था कि हम चुनाव के बाद हर गरीब को एक लाख रुपए खटाखट-खटाखट देंगे लेकिन जो राहुल गांधी खटाखट लेकर आते थे वो पहले ही मैदान छोड़कर सफाचट हो गए हैं।

### हरियाणा किसानों के परिश्रम की धरती

सीएम योगी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि, हरियाणा हमारे अन्नदाता किसानों के परिश्रम और पुरुषार्थ की धरती है, देश का पेट भरती है। यहां के बहादुर जवानों के शौर्य और पराक्रम का लोहा दुश्मन ने भी बार-बार माना है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, हरियाणा का बहादुर जवान जब देश की सीमा पर खड़ा होता है तो देश के दुश्मनों को भी पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सीएम योगी ने मंच से कहा कि, जम्मू कश्मीर में अंतिम चरण का चुनाव संपन्न हुआ है और वहां भी बीजेपी की सरकार बन रही है। उन्होंने कहा कि, साल 2017 के पहले जब तक भाजपा की सरकार नहीं थी तब कांवड़ यात्रा नहीं निकलने दी जाती थी।

# कई एनजीओ हसदेव बचाओ के नाम पर विकास परियोजनाओं को कर रहे बाधित

### आयकर विभाग ने किया पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारत के विकास में बाधा डालने वाले कई गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओज) पर आयकर (आईटी) विभाग ने शिकंजा कसा है। इन एनजीओ द्वारा पर्यावरण संरक्षण और कानूनी चुनौतियों के नाम पर देश की महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं को अवरुद्ध करने के प्रयासों के बीच अब उनके विदेशी फंडिंग के नेटवर्क और अभियानों के पीछे के सच को उजागर किया गया है। यह पाया गया है कि ये एनजीओ देश के प्रमुख कॉर्पोरेट समूहों, जैसे कि अदाणी और जेएसडब्ल्यू, की परियोजनाओं को कानूनी और अन्य रुकावटों के माध्यम से रोकने का प्रयास कर रहे हैं। आयकर विभाग की जांच ने पांच प्रमुख एनजीओ – ऑक्सफैम, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर), एनवायरोनिक्स ट्रस्ट, लीगल इनिशिएटिव फॉर फॉरेस्ट एंड एनवायरनमेंट (लाइफ) और केयर इंडिया सॉल्यूशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट (सीआईएसएसडी) – की विदेशी फंडिंग और अभियानों के बीच संबंधों को उजागर किया। पिछले पांच वर्षों में चार एनजीओ की 75% से अधिक फंडिंग विदेश से आई है, जो उनके कामकाज को सीधे प्रभावित कर रही है।

**अदाणी और जेएसडब्ल्यू परियोजनाओं पर निशाना** : इन एनजीओ ने विदेशी फंडिंग का इस्तेमाल अदाणी और जेएसडब्ल्यू जैसी कंपनियों के खिलाफ कानूनी अभियानों में किया। आयकर विभाग ने पाया कि 2015-2021 के बीच केयर इंडिया की 92%, एनवायरोनिक्स ट्रस्ट की 95%, और लाइफ की 86% फंडिंग विदेश से प्राप्त हुई थी। इससे यह स्पष्ट होता है कि इनका उद्देश्य भारत की आर्थिक प्रगति को धीमा करने का था।

### देश की ऊर्जा और विकास को अवरुद्ध करने का प्रयास

प्रगतिशील देश की ऊर्जा जरूरतों के लिए कोयला और पॉवर प्लांट की उपयोगिता महत्वपूर्ण है। यह भी पाया गया है कि ये एनजीओ विदेशी स्वार्थों को साधने के लिए देश की ऊर्जा परियोजनाओं को रोकने का प्रयास कर रहे हैं, पर्यावरण संरक्षण का नकाब लगाकर। आदिवासियों के जीवन और रोजगार में सुधार के लिए चल रही योजनाओं को भी प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। इन एनजीओ के खिलाफ आयकर विभाग की जांच सितंबर 2022 में ऑक्सफैम, सीपीआर, एनवायरोनिक्स ट्रस्ट, लाइफ और सीआईएसएसडी के परिसरों पर छापेमारी से शुरू हुई थी। जांच के दौरान यह सामने आया कि इन एनजीओ के उद्देश्य चैरिटी और सामाजिक कार्यों के नाम पर होते हुए भी देश की औद्योगिक परियोजनाओं को रोकना था।

**मद्रास हाईकोर्ट का आदेश नहीं होगा प्रभावी**

# 'ईशा फाउंडेशन की जांच' पर सुप्रीम रोक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट से सद्गुरु के ईशा फाउंडेशन को बड़ी राहत मिली है। ईशा फाउंडेशन की जांच वाले मद्रास हाई कोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। जिस मामले में मद्रास हाई कोर्ट ने यह आदेश दिया था, उसे भी सुप्रीम कोर्ट ने अपने पास ट्रांसफर कर लिया है। यानी अब इस पूरे मामले को सुप्रीम कोर्ट खुद देखेगा। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को कहा, 'आप सेना या पुलिस को इस तरह के संस्थान में प्रवेश नहीं करने दे सकते। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट में लंबित याचिका को भी अपने पास ट्रांसफर कर लिया। जिसमें हाई कोर्ट ने पुलिस को सद्गुरु के ईशा योग फाउंडेशन के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों पर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने हाई कोर्ट के आदेश के आधार पर आगे की पुलिस कार्रवाई पर भी रोक लगा दी। फाउंडेशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ के समक्ष दलील दी कि आश्रम का रिकॉर्ड बेदाग है और जिन दो महिलाओं को जबरन बंधक बनाकर रखने का आरोप है , वे मद्रास हाई कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुईं और कहा कि वे अपनी इच्छा से वहां थीं।



### सीजेआई ने कहा

दोनों महिलाओं से बातचीत करने के बाद सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि उन्होंने बताया कि वे अपनी मर्जी से ईशा फाउंडेशन आश्रम में आई हैं। महिलाओं ने यह भी बताया कि पुलिस दो दिन तक आश्रम में थी, लेकिन बुधवार रात को चली गई। मंगलवार को कोयंबटूर ग्रामीण पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में 150 पुलिसकर्मी पूछताछ करने के लिए ईशा फाउंडेशन के आश्रम में घुसे। पुलिस की यह कार्रवाई मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा फाउंडेशन के खिलाफ दर्ज सभी आपराधिक मामलों पर रिपोर्ट मांगे जाने के एक दिन बाद हुई।

# मैरिटल रेप को अपराध मानने के पक्ष में नहीं केंद्र सरकार

### सुप्रीम कोर्ट से कहा- ये कानूनी नहीं सामाजिक मुद्दा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को दिए अपने जवाब में कहा कि मैरिटल रेप कानूनी नहीं बल्कि एक सामाजिक मुद्दा है। किसी निर्णय पर पहुंचने के लिए व्यापक हितधारकों से परामर्श की आवश्यकता है।

मौजूदा कानूनों में महिलाओं के लिए पर्याप्त प्रावधान हैं। विवाह पारस्परिक दायित्वों की संस्था है। केंद्र ने तर्क दिया कि भारत में शादी को पारस्परिक दायित्वों की संस्था माना जाता है, जहां कसमों को अपरिवर्तनीय माना जाता है। विवाह के भीतर महिलाओं की सहमति वैधानिक रूप से संरक्षित है, लेकिन इसे नियंत्रित करने वाले दंडात्मक प्रावधान अलग हैं। पर्याप्त वैवाहिक बलात्कार की शिकार महिला के लिए अन्य कानूनों में भी उपाय मौजूद हैं। धारा 375 के अपवाद 2 को खत्म करने से विवाह की संस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।




**इजरायली सेना को मिली बड़ी कामयाबी**

# मारा गया हमास का प्रमुख लीडर रावी मुश्ताहा, कई अन्य सहयोगी भी ढेर

### उत्तरी गाजा स्थित भूमिगत परिसर को बनाया था निशाना

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव



इज़राइली सेना ने गुरुवार को दावा किया कि उसने तीन महीने पहले किए गए हवाई हमलों के दौरान गाजा में हमास सरकार के प्रमुख रावी मुश्ताहा और दो वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों को मार गिराया था। इजरायली सेना ने अपने बयान में कहा है कि हमले में उत्तरी गाजा स्थित एक भूमिगत परिसर को निशाना बनाया गया, जिसमें मुश्ताहा के साथ-साथ कमांडर समेह अल-सिराज और समी औदेह को भी मार गिराया गया। मुश्ताहा हमास के सबसे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में से एक था और हमास की सेना की तैनाती से संबंधित निर्णयों पर उसका सीधा प्रभाव था। समेह अल-सिराज हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सुरक्षा विभाग के प्रभारी थे। मुश्ताहा को हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार का करीबी सहयोगी बताया गया है, जिसके बारे में माना जाता है कि उसने 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमले की साजिश रची थी, जिसके कारण यह युद्ध शुरू हुआ। माना जाता है कि सिनवार अभी भी जिंदा है और गाजा में छिपा हुआ है।

### इधर, मध्य बेरूत में जमकर हवाई हमला सात लड़ाकों की मौत

**बेरूत।** इजराइल ने बुधवार देर रात मध्य बेरूत की एक इमारत को निशाना बनाकर हवाई हमला किया, जिससे सात लोगों की मौत हो गई। इन लोगों को हिजबुल्ला का सदस्य बताया गया है। इजराइल सितंबर के अंत से ही देश के उन क्षेत्रों पर बमबारी कर रहा है जहां उग्रवादी समूह हिजबुल्ला की मजबूत उपस्थिति है, लेकिन राजधानी बेरूत के मध्य क्षेत्र को शायद ही कभी निशाना बनाया गया हो। बुधवार देर रात हुए हमले से पहले कोई चेतावनी नहीं दी गई थी, जिसमें मध्य बेरूत में एक इमारत को निशाना बनाया गया। यह इमारत संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, प्रधानमंत्री कार्यालय और संसद से ज्यादा दूर नहीं है। वहीं, हिजबुल्ला की नागरिक सुरक्षा इकाई ने कहा कि उसके सात सदस्य मारे गये हैं। यह हमला दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के साथ झड़प में कम से कम आठ इजराइली सैनिकों के मारे जाने के बाद हुआ है। बेरूत में हमले के बाद निवासियों ने सल्फर जैसी गंध की शिकायत की जबकि लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने बिना कोई सबूत दिए इजराइल पर फॉस्फोरस बम का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 4 अक्टूबर 2024






Grand Indian Festival of Trust

## इस नवरात्री
## ॥ शुभ मुहूर्त आया ॥
## हीरो साथ लाया

₹ 4500# तक की नकद छूट

₹ 12000* तक विशेष लाभ (स्कूटर्स)

कम डाउन पेमेंट @ ₹ 1999^

कैशबैक ₹ 5000~ तक

शुभ मुहूर्त ऑफ़र्स पाने के लिए स्कैन करें




Toll Free Number: 1800 266 0018

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

$ADDITIONAL CASH DISCOUNT AVAILABLE ON Flipkart | amazon

**Special offers for CSD/CPC/Corporate employees. Reach us at: institutionalsales@heromotocorp.com**

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Offer is for a limited period or till stock lasts. Offer amount may vary for model/variant and states. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. Actual value may vary, offer is for a limited period only or till stock lasts. ~ The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000, subject to the credit card company's, T&Cs. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. $Flipkart and Amazon offers are subject to the sole discretion & T&Cs of respective organisations.


**अधिकृत डीलरः** रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, **एसोशिएट डीलरः** रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूरः श्री गुरूनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोडलाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरंडीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादरः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनारः अंशु ऑटो, 6261421161, **डीलर एक्सटेंशन काउंटरः** रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, **ऐडिशनल वर्कशॉपः** रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, **जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः** संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983

FCB INTERFACE/6878/OCT2024/HINDI

## चिंतन

# जेलों में जातिगत भेदभाव को खत्म करने का फैसला सही

जातिवाद भारतीय समाज के सबसे बड़े स्याह पहलू हैं, जो समाज से लेकर सरकार के अनेक अंग तक में दिखाई देते हैं। देश में अनेक जेल ऐसी हैं, जिनमें काम का वितरण जाति आधार पर किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में जाति के आधार पर कैदियों से भेदभाव को गंभीर मानते हुए इस प्रथा को खत्म करने को कहा है। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को 11 राज्यों की जेल नियमावली के भेदभावपूर्ण प्रावधानों को खारिज कर दिया है। अदालत ने जाति के आधार पर काम के वितरण और कैदियों को अलग-अलग वार्ड में रखने के चलन की निंदा की है। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, 'जेल में ऐसे सभी प्रावधान असंवैधानिक हैं, इस तरह के भेदभाव को रोकने का दायित्व राज्य का है।' पीठ ने राज्यों को तीन महीने के भीतर अपने जेल नियमावली में संशोधन करने के लिए कहा है। पीठ ने निर्देश में कहा है कि राज्य कारागार नियमावली में आदतन अपराधियों का उल्लेख यदि जाति पर आधारित है तो उसे असंवैधानिक घोषित किया जाता है। आज कुछ राज्यों की जेलों में कैदियों की पहचान के आधार पर जेलों के शारीरिक श्रम, बैरकों का विभाजन किया जाता है। सर्वोच्च अदालत ने जेलों के रजिस्टर में कैदियों की जाति के आधार पर काम को हटाने को कहा है। कोर्ट ने मैला ढोने व खाना बनाने जैसे काम के विभाजन जाति आधार पर न करने की हिदायत दी है। दरअसल, जेल में जातिगत भेदभाव आधारित स्थिति औपनिवेशिक काल से है, उस वक्त के आपराधिक कानून का औपनिवेशिक काल के बाद के दौर में होना चिंताजनक है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले में संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) के तहत गैर-भेदभाव के पहलुओं पर गौर किया गया है। कानून की नजर में सब समान है तो उसके पालन में जातिगत भेद का कोई मतलब नहीं है। दरअसल, देश की राजनीति ही दूषित हो गई है, जिसमें जातिगत विभाजन को बढ़ावा मिल रहा है। वोट के लिए जातिगत विभाजन से समाज का नुकसान हो रहा है और देश समावेशी समाज की तरफ अग्रसर नहीं हो पा रहा है। भारत को जाति व्यवस्थामुक्त समाज निर्माण की ओर आगे बढ़ना चाहिए, राह आसान नहीं है, तो कठिन भी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना है कि जाति-मुक्त समानता पर आधारित संवैधानिक व्यवस्था का लक्ष्य रातोंरात नहीं हासिल जा सकता है। लेकिन जेल नियमावली में बदलाव के निर्देश इस दिशा में कदम जरूर है। कैदियों को सम्मान प्रदान न करना औपनिवेशिक काल की निशानी है, जब उन्हें मानवीय गुणों से वंचित किया जाता था। संविधान में यह अनिवार्य किया गया है कि कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार किया जाना चाहिए और जेल प्रणाली को कैदियों की मानसिक और शारीरिक स्थिति के बारे में पता होना चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने दो टूक कहा है कि यदि कैदियों से अमानवीय काम करवाया जाता है और उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है, तो इसके लिए राज्य उत्तरदायी होंगे। सुप्रीम अदालत का यह निर्देश सराहनीय है, स्वागत योग्य है। जेल में 'अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और विमुक्त जनजातियों के खिलाफ भेदभाव असहनीय है, सवाल है कि अब तक सरकार का ध्यान इस ओर क्यों नहीं गया? अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 21 की नए सिरे से व्याख्या की है, जिसका एक सेक्शन जाति आधारित भेदभाव को खत्म करने की बात करता है।



# मानसून के रंग भी हो रहे बदरंग

**जलवायु परिवर्तन**
कल्लोल चक्रवर्ती

> एक तरफ मानसून की विदाई देर से हो रही है, जिससे ठंड अधिक पड़ने की स्वाभाविक ही आशंका है, दूसरी तरफ, पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग समेत कुछ दूसरे इलाकों में हाल ही में भीषण गर्मी के कारण पर्यटकों और आम लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। मानसून की अतिवृष्टि से इस वर्ष भी देश के अलग-अलग इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। विगत 30 जुलाई को केरल के वायनाड में हुए भूस्खलन में करीब 400 लोग मारे गए थे और 150 लोग लापता थे। इसी तरह लगातार 72 घंटे से भी अधिक की मूसलाधार बारिश के कारण पिछले महीने त्रिपुरा में आई बाढ़ से लगभग 17 लाख लोग प्रभावित हुए थे।

पिछले कुछ वर्षों की तरह इस साल भी देश से मानसून की विदाई उसकी तय तिथि से लगभग एक सप्ताह बाद हुई, जो स्पष्ट रूप से जलवायु परिवर्तन के असर के बारे में बताती है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, लंबे समय से मानसून 17 सितंबर के आसपास विदा होता रहा है, लेकिन वर्ष 2017 से मानसून सितंबर के अंत में विदा हो रहा है। बीच में दो साल-यानी 2019 और 2021 में तो इसने अक्टूबर में विदा ली थी। यही नहीं, मानसून तय तिथि से थोड़ा पहले आ भी रहा है, पूरे देश को भिगोने में वह पहले से कम समय ले रहा है और औसत वर्षा भी पहले की तुलना में अधिक हो रही है।

एक तरफ मानसून की विदाई देर से हो रही है, जिससे ठंड अधिक पड़ने की स्वाभाविक ही आशंका है, दूसरी तरफ, पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग समेत कुछ दूसरे इलाकों में हाल ही में भीषण गर्मी के कारण पर्यटकों और आम लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। मानसून की अतिवृष्टि से इस वर्ष भी देश के अलग-अलग इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। विगत 30 जुलाई को केरल के वायनाड में हुए भूस्खलन में करीब 400 लोग मारे गए थे और 150 लोग लापता थे। इसी तरह लगातार 72 घंटे से भी अधिक की मूसलाधार बारिश के कारण पिछले महीने त्रिपुरा में आई बाढ़ से, जिसे 1983 के बाद राज्य में आई सबसे भीषण बाढ़ बताया गया, लगभग 17 लाख लोग प्रभावित हुए थे। असम और गुजरात में आई बाढ़ से भी जान-माल की तबाही हुई। असम जैसे राज्य तो अमूमन हर साल बाढ़ का सामना करते हैं, लेकिन अतिवृष्टि से देश के शहरी इलाकों में पानी से भरे अंडरपास से गुजरते हुए मौत की घटनाएं शहरी नियोजन से जुड़ी नई चुनौती के बारे में बताती है। पिछले दिनों अतिवृष्टि और बाढ़ से देश में जैसी तबाही हुई, वर्ष के पूर्वार्ध में तेज गर्मी और लू के कारण उतना ही नुकसान हुआ था।

हीटवॉच और वेटिडम इंडिया फाउंडेशन द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक, विगत मार्च से जून तक हीट स्ट्रोक के देशभर में 40,000 से अधिक मामले सामने आए थे, और हीट वेव से 733 लोग मारे गए थे। हीटवेव से हुई मौतों में उत्तर प्रदेश, दिल्ली और फिर ओडिशा का नंबर था। यही नहीं, इस साल गर्मियों में देश के 150 मुख्य जलाशयों में पानी का स्तर पिछले साल के मुकाबले 23 से 77 प्रतिशत तक कम था। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया कि तापमान में एक डिग्री की वृद्धि होने से गेहूं की पैदावार में तीन से चार प्रतिशत की कमी आ सकती है। सिर्फ भारत ही नहीं, समूचे दक्षिण एशिया, अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका ने भी पिछले दिनों अतिवृष्टि, बाढ़ और तूफानों का सामना किया। पिछले महीने बांग्लादेश में आई बाढ़ से करीब दो करोड़ लोग प्रभावित हुए थे। जबकि जुलाई में पाकिस्तान में आई बाढ़ में लगभग 250 लोग मारे गए थे और भारी तबाही हुई थी। म्यांमार में हाल ही में आए तूफान यागी से करीब 250 लोग मारे गए और सौ से ज्यादा लोग लापता हुए। लगभग 375 स्कूल और 55,000 घर ध्वस्त हुए हैं। वहां उत्तर के पहाड़ी इलाकों में तूफान से सर्वाधिक तबाही हुई है। एएफपी के मुताबिक, करीब सवा तीन



लाख लोगों को अस्थायी राहत शिविरों में रखा गया और पूरे म्यांमार में 200 से अधिक राहत शिविर खोले गए हैं। पर्यावरणविद यागी को इस साल एशिया का सबसे भीषण तूफान बता रहे हैं। इस तूफान से वियतनाम, लाओस और फिलिपींस जैसे देश भी प्रभावित हुए हैं। वियतनाम में करीब 200 लोग तूफान में मारे गए और वहां वैश्विक एजेंसियां मदद पहुंचा रही हैं। यूनिसेफ का कहना है कि मूसलाधार बारिश और बाढ़ से दक्षिण एशिया के 60 लाख से अधिक बच्चों पर अस्तित्व का खतरा है। चीन के शंघाई में भी पिछले दिनों भीषण तूफान बेबिनका के कारण, जिसे 1949 के बाद सबसे भीषण तूफान बताया गया, भारी तबाही मची। इसके कारण करीब 30,000 घरों में बिजली गुल हो गई और लगभग 2,000 पेड़ टूटकर गिर पड़े। नतीजतन डिज्नीलैंड को बंद करना पड़ा और कुछ हाई स्पीड ट्रेन रूटों को भी अस्थायी तौर पर बंद करना पड़ा।

तूफान के कारण तीन दिवसीय उत्सव की छुट्टी का आनंद फीका पड़ गया और अनेक पर्यटक अपने होटलों में फंसे रह गए। बगल के दो शहर-सुझोउ और नानकिंग भी तूफान से प्रभावित हुए। गौरतलब है कि लंबे समय से चीन के कुछ इलाके सूखे का, तो कुछ क्षेत्र बाढ़ का सामना कर रहे हैं। वर्ष 1961 के बाद इस साल की जुलाई वहां सबसे गर्म रही। अफ्रीका के भी कई देश अतिवृष्टि और बाढ़ का सामना कर रहे हैं।

पश्चिम और मध्य अफ्रीका में मूसलाधार बारिश से आई बाढ़ से 1,000 से ज्यादा लोग मारे गए और हजारों घर बर्बाद हुए। बाढ़ से 40 लाख लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि लगभग 10 लाख लोगों को घर छोड़कर भागना पड़ रहा है। अकेले नाइजीरिया में मृतकों का आंकड़ा 200 से ज्यादा बताया गया। जाहिर है, बाढ़ का पानी उतरने के बाद वहां महामारी फैलने के भी आसार हैं। नाइजर में 250 से अधिक लोग, तो चाड में करीब 500 लोग मारे गए बताए जाते हैं। दक्षिणी नाइजर के जिंदर शहर में पिछले दिनों भारी वर्षा से 1810 में बनी एक ऐतिहासिक मस्जिद ढह गई। वर्ष 1960 के बाद की सबसे भीषण बाढ़ का सामना कर रहे माली में मृतकों की संख्या अपेक्षाकृत कम है। गृहयुद्ध, गरीबी और विस्थापन से त्रस्त अफ्रीकी लोगों के लिए बाढ़ नया संकट बनकर आई है। वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल ऑर्गनाइजेशन (विश्व मौसम विज्ञान संगठन) के अनुसार, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में अफ्रीका की हिस्सेदारी भले ही कम हो, लेकिन अफ्रीका के लोग जलवायु परिवर्तन का भीषण नतीजा भुगत रहे हैं। हालांकि पर्यावरणविदों का कहना है कि नदियों के मुहाने पर किए गए निर्माण का खामियाजा भी अफ्रीकी भुगत रहे हैं।

अमेरिका के नॉर्थ कैरोलाइना में अतिवृष्टि से हाल में इमरजेंसी जैसे हालात बन गए, तो मध्य यूरोप भी अतिवृष्टि से तबाह हुआ। रोमानिया में मूसलाधार बारिश और बाढ़ से हजारों घर बर्बाद हो गए हैं, जबकि चेक रिपब्लिक में बिजली के संकट का सामना करना पड़ा। पोलैंड, स्लोवाकिया, हंगरी, जर्मनी और ऑस्ट्रिया भी बाढ़ का सामना कर रहे हैं। पर्यावरणविदों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाले दिनों में तूफान आने के मामले बढ़ने के आसार हैं।

उनका यह भी कहना है कि यागी जैसे तूफान जलवायु परिवर्तन के कारण ही मारक स्वरूप ले रहे हैं, क्योंकि समुद्र का गर्म होता जलस्तर ज्यादा ताकतवर हवाओं और भीषण वर्षा का कारण बन रहा है। अब हर साल लू के बढ़ते थपेड़े और मानसून में अतिवृष्टि जलवायु परिवर्तन के प्रत्यक्ष उदाहरण के रूप में हमारे सामने हैं। जाहिर है कि भारत समेत पूरी दुनिया को इससे निपटने के लिए गंभीरता से कदम उठाने होंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

**पशु कल्याण दिवस**
रोहित कौशिक



# जीवों पर मंडराता खतरा

हम सभी घरेलू और पालतू पशुओं का ध्यान रखते हैं। उनकी देखरेख के लिए हम हर संभव कोशिश करते हैं। दूसरी तरफ जंगलों और वनों में रहने वाले पशुओं को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस प्रगतिशील दौर में भी विभिन्न वन्य जीवों पर खतरा मंडरा रहा है। बाघ, हाथी, गैंडा, शेर, तेंदुआ और हिरन के विभिन्न अंगों को प्राप्त करने के लिए अभी भी इन जीवों का शिकार जारी है। बाघों के शिकार को लेकर लगातार समाचार आते रहते हैं। कुछ समय पूर्व केरल में गर्भवती हथिनी की हत्या ने वन्य जीवों के प्रति हमारी बर्बर मानसिकता को उजागर किया था। भारत में पिछले कई सालों में सैकड़ों हाथी करंट से मारे जा चुके हैं। भारत में नर हाथी के दांत काफी महंगे बिकते हैं। पहले गिर अभयारण्य में शेरों की मौत के मामले में भी व्यवस्था की लापरवाही सामने आई थी। गैंडों का उनके सींग के लिए अवैध शिकार भी चिन्ता का विषय है। पहले असम के काजीरंगा नेशनल पार्क में एक सींग वाले दुर्लभ गैंडे के शिकार की अनेक घटनाएं प्रकाश में आई थीं। वैज्ञानिकों के अनुसार अंडमान-निकोबार में सुनामी जैसी आपदाएं, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में बाधों का निर्माण, उत्तर भारत में खेती की जमीन में वृद्धि तथा वृक्षों का व्यावसायिक इस्तेमाल होने के कारण हमारे देश में तेजी से जंगलों का क्षरण हो रहा है। दरअसल जब वन्य जीवों का प्राकृतिक वास जंगल नष्ट होने लगता है तो वे अपने प्राकृतिक वास से बाहर निकल आते हैं और आस-पास स्थित खेतों एवं गांवों में घरेलू पशुओं और लोगों पर हमला बोलते हैं। इस तरह की घटनाओं के कारण वन्य जीवों के विरुद्ध गांव वालों का गुस्सा भी बढ़ता है और यह वन्य जीवों की हत्याओं के रूप में सामने आता है। यह मानव-वन्य जीव संघर्ष ही विभिन्न तौर-तरीकों से हमारे पारिस्थितिक तंत्र पर गहरा प्रभाव डालता है। इसके अतिरिक्त वन्य जीवों के विभिन्न अंग और खाल प्राप्त करने के लिए अनेक तस्कर इनकी हत्याएं भी करते हैं।

गौरतलब है कि संरक्षित वन्य क्षेत्रों में अनेक तरह की समस्याएं और विसंगतियां मौजूद हैं। अनेक लोग एवं घरेलू पशु संरक्षित वन्य क्षेत्रों के प्राकृतिक स्वरूप में व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं। कुछ संरक्षित वन्य क्षेत्रों से मुख्य सड़क एवं रेल लाइन भी गुजर रही हैं। इन परिस्थितियों के कारण भी वन्य जीवों के प्राकृतिक वास में व्यवधान उत्पन्न होता है। कुछ संरक्षित वन्य क्षेत्रों के आसपास मंदिर भी स्थापित हैं, जहां हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। ये श्रद्धालु जहां एक ओर अभयारण्य में कूड़ा-कचरा फैलाते हैं, वहीं यहां से ईंधन की लकड़ी भी ले जाते हैं। इन सब गतिविधियों के कारण संरक्षित क्षेत्रों का प्राकृतिक स्वरूप तेजी से नष्ट हो रहा है। यही कारण है कि वन्य जीव मनुष्यों के विरुद्ध लगातार उग्र हो रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि हम अभी तक प्रकृति के साथ जीने का सलीका नहीं सीख पाए हैं। हम वन्य जीवों के प्राकृतिक वास को सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए भी गम्भीर नहीं हैं। इसी कारण है कि वन्य जीवों के गांवों और शहरों में घुसने की घटनाएं लगातार प्रकाश में आ रही हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि वन्य जीव इंसान के लालच की भेंट चढ़ रहे हैं। कई बार वन्य जीवों के खिलाफ होने वाले षड्यंत्र में वन विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत भी होती है। शिकारी वन्य जीवों के शरीर के विभिन्न हिस्सों को चीन के परम्परागत दवा उद्योग को भारी दाम पर बेचते हैं। दरअसल वन्य जीवों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकताओं में नहीं है। हमें यह समझना होगा कि जब हम वन्य जीवों का संरक्षण करते हैं तो उनके साथ-साथ दूसरे वन्य जीवों और पूरे पारिस्थितिक तंत्र का संरक्षण करते हैं। आज इन मुद्दों पर केवल फैशन के तौर पर ही बात होती है। वन्य जीवन को बचाने की इच्छा शक्ति न ही तो हमारे राजनेताओं में दिखाई देती है और न आम जनता में। वन्य जीवों को बचाने की किसी भी योजना में उस आदिवासी समाज का जिक्र कहीं नहीं होता है जो मुख्य रूप से वनों पर ही निर्भर है। जबकि वन्य जीवों को बचाने के लिए उन्हें वनों से बाहर पुनर्स्थापित करने की बात हमेशा कही जाती है। अब हमें एक ऐसी योजना विकसित करनी होगी, जिसमें वनों पर निर्भर आदिवासी समाज एवं वन्य जीव दोनों के बारे में ही सोचा जाए। इससे आदिवासी समाज वन्य जीवों को बचाने के लिए स्वयं आगे आएगा। अनेक जगहों पर संरक्षित क्षेत्रों में रह रहे आदिवासी संरक्षित क्षेत्रों से बाहर आने के लिए राजी हुए हैं, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है। इस तरह से वन्य जीव तथा आदिवासी दोनों ही अपने प्राकृतिक आवास के लिए तरस रहे हैं। आज जरूरत इस बात की है कि हम विभिन्न वन्य जीवों को बचाने के लिए तर्कसंगत तथा गम्भीर नीतियां बनाएं, नहीं तो वन्य जीवन पर मंडराता यह खतरा हमारे अस्तित्व के लिए भी संकट का कारण बन जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जन्म के साथ शुरू व मृत्यु के बाद यात्रा समाप्त



संकलित
**दर्शन**

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है। प्रश्न यह उठता है कि इस अनंत गति को अनवरत जारी रखने के लिए आवश्यक बल किस स्नेत से प्राप्त होता है?

## गुरु नानक जी के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहा: सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछा: महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा कि: सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैनें उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नवरात्रि का संदेश

हमारा देश देवभूमि है। यहां लगभग प्रतिदिन परमात्मा के साथ जुड़ने के लिए कोई न कोई पर्व और त्योहार मनाए जाते हैं। हर पर्व, त्योहार और धार्मिक अनुष्ठान हमें मानवता, सच्चाई, अहिंसा और अच्छे कर्मों की ओर अग्रसर करते हैं। आजकल हमारे देश में नवरात्र का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। नवरात्र में जगत जननी से मनोवांछित फल प्राप्त करने के लिए लोग व्रत रखते हैं और भक्ति करते हैं। जो भी भक्त माता रानी की सच्चे दिल से पूजा अर्चना करता है, उसके सभी रोग, कष्ट और अन्य सभी दुख मिट जाते हैं। नवरात्र में हम दुर्गा की पूजा करते हैं। दुर्गा हिंदुओं की मुख्य देवी है। इसे हम माता, भगवती, जगदंबा, आदिशक्ति, महामाया, नवदुर्गा और अन्य बहुत से नामों से भी पुकारते हैं। नवरात्र का संदेश है कि हम मानवता-नैतिकता की राह पर चलें। *– रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### नवरात्रि की शुभकामनाएं

समस्त देशवासियों को नवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। नवरात्रि, शक्ति की आराधना, आध्यात्मिक ऊर्जा के संचय और जगत जननी मां अम्बे के नौ रूपों की उपासना का महापर्व है। मां दुर्गा से समस्त विश्व के कल्याण, सुख और शांति की कामना करता हूं। जय माता दी!
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**



### बेरोज़गारी का आलम

बेरोज़गारी का आलम ये है कि ग्रेजुएट होकर भी युवा डिलेवरी बॉय बनकर रह गये हैं। भाजपा सरकार इसे रोज़गार मानती है जबकि ये रोज़गार नहीं मजबूरी है। शिक्षित युवाओं का सेल्स पर्सन बनकर काम करना मानव संसाधन की हानि है।
**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**



### जनविरोधी राजनीति

यूपी के हाथरस में हुए सत्संग भगदड़ काण्ड में 121 लोगों की मृत्यु के सम्बंध दाखिल चार्जशीट में सूरजपाल उर्फ भोले बाबा का नाम नहीं होना जनविरोधी राजनीति है, जिससे साबित है कि ऐसे लोगों को राज्य सरकार का संरक्षण है।
**-मायावती, बसपा सुप्रीमो**



### गौरव की बात

आज शाम दशहरा मेले के भाग के रूप में कोटा, राजस्थान में शक्ति, पार्वती और दुर्गा के रूप में मां पर अपना बैले प्रस्तुत करना मेरे लिए गौरव की बात है।
**-हेमा मालिनी, अभिनेत्री**



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# अमेरिका के सिएटल में गांधी की प्रतिमा का अनावरण


अमेरिका के 'सिएटल सेंटर' में महान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महात्मा गांधी की जयंती पर उनकी आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल, सांसद एडम स्मिथ और भारतीय मूल की सांसद प्रमिला जयपाल की उपस्थिति में बुधवार को आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। सिएटल में स्थापित गांधी की यह पहली आवक्ष प्रतिमा है। प्रतिमा को लोकप्रिय 'स्पेस नीडल' के नीचे तथा चिहुली गार्डन एवं ग्लास म्यूजियम के समीप स्थापित किया गया है। प्रतिमा के अनावरण समारोह का नेतृत्व सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता ने किया। समारोह में उत्तर पश्चिम प्रशांत में 'यूएस फर्स्ट कोर' के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल जेवियर ब्रूनसन और 'मार्टिन लूथर किंग गांधी इनिशिएटिव' के अध्यक्ष एडी राई भी शामिल हुए थे। गांधी जयंती समारोह में शामिल हुए गणमान्य अतिथियों ने 'अहिंसा, सत्याग्रह और सर्वोदय' के मूल्यों को रेखांकित किया और इन मूल्यों को समकालीन समय में बेहद जरूरी बताया। इस अवसर पर, वाशिंगटन के गवर्नर जे. इंसली ने एक आधिकारिक घोषणा जारी की।



## ऑफ बीट

# एआई मॉडल बहुत अधिक बिजली की खपत करते हैं

कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) आपके सोशल मीडिया के आंकड़ों को संभाल रहा है और आपको ट्रेन स्टेशन तक का रास्ता बता रहा है। यह जीवाश्म ईंधन उद्योग को भी जीवनदान दे रहा है। तीन सबसे बड़ी टेक कंपनियों, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और मेटा ने 2020 से हरित गैस उत्सर्जन में वृद्धि की सूचना दी है। दिन-रात एआई कार्यक्रम चलाने वाले सर्वरों से भरे डेटा सेंटर ही मुख्य रूप से इसके लिए जिम्मेदार हैं। एआई मॉडल बहुत अधिक बिजली की खपत करते हैं, और विश्व आर्थिक मंच ने अप्रैल में अनुमान लगाया था कि एआई को समर्पित कंप्यूटर शक्ति हर 100 दिन में दोगुनी हो रही है। अमेरिका में इस उछाल को बल देने वाले कारक हैं – जहां कई एआई तकनीक के अग्रदूत स्थित हैं। यहां गैस ऊर्जा संयंत्रों को पुनर्जीवित किया गया है, जिन्हें कभी बंद कर दिया जाना था। पहले, एआई वास्तव में है क्या? एआई अवशोषित करता है (ऊर्जा और पानी) सिडनी विश्वविद्यालय की कंप्यूटिंग विशेषज्ञ सैंड्रा पीटर और काई रीमर कहते हैं, आज उपभोक्ता उत्पादों में जिस प्रकार का एआई हम देख रहे हैं, वह मूलतः पैटर्न को दर्शाता है।



रायपुर, शुक्रवार 4 अक्टूबर 2024 | आश्विन शुक्ल पक्ष द्वितीया | वर्ष : 23, अंक : 79 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

या देवी सर्वभूतेषु विष्णुमायेति शब्दिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

**ब्रह्म मुहूर्त में पहली आरती**

## बैगा के नेतृत्व में कुंवारी कन्या ने चकमक पत्थर रगड़कर प्रज्ज्वलित की प्रधान ज्योति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

*राजधानी सहित प्रदेशभर के देवी मंदिरों में अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11 बजकर 31 मिनट से लेकर 12 बजकर 19 मिनट तक घट स्थापना की गई। महामाया मंदिर में सैकड़ों वर्ष पुरानी परंपरा निभाते हुए कुंवारी कन्या ने बैगा के नेतृत्व* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शहर में 400 से अधिक प्रतिमाएं

*मंदिरों में ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ ही पंडालों में माता की प्रतिमा विधिवत स्थापित की गई। इस दौरान अनुष्ठान भी हुए। राजधानी में 400 से अधिक प्रतिमाएं विभिन्न स्थानों में विराजित की गई हैं। सर्वाधित 11 हजार 146 ज्योति महामाया मंदिर में प्रज्ज्वलित की गई है।* ▶▶ शेष पेज 4 पर

रियासतकाल में किन्नरों को नवरात्रि में पहली पूजा की मिली थी अनुमति | शाही सवारी के साथ सजधज कर नाचते गाते मंदिर पहुंचा किन्नरों का दल

# आधी रात किन्नरों ने चढ़ाई चुनरी, पहली पूजा भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के सिंहड्योढ़ी स्थित मंदिर में मध्यरात्रि को 12 से 1 बजे के बीच किन्नरों ने देवी दंतेश्वरी को चुनरी चढ़ाकर पूजा अर्चना की। नवरात्रि पर मंदिर के कपाट खुलने के बाद भक्त देवी की पूजा अर्चना करते हैं, लेकिन बस्तर की संस्कृति और परंपरा अपने आप में अनूठी है। यहां रात 12 बजे किन्नरों ▶▶ शेष पेज 4 पर



देवी दंतेश्वरी में पूजा-अर्चना

### श्रृंगार यात्रा में ओडिशा से भी आते हैं किन्नर

मां दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी कृष्ण कुमार पाढ़ी ने बताया कि बुधवार की रात लगभग 12 बजे देवी मां के दर्शन सबसे पहले किन्नरों ने की। इसके साथ ही किन्नर समाज ने सबसे पहले मां को श्रृंगार सामान अर्पित किया। हर साल ▶▶ शेष पेज 4 पर



ऐसा पंडाल, जिसका इस साल हीरक जयंती वर्ष मनाया जा रहा

# रियासतकाल से अब तक....75 बरस से चल रहा मां की सेवा का अटूट सिलसिला

*शहर के दुर्गा चौक में वर्ष 1950 से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इस वर्ष समिति द्वारा हीरक जयंती वर्ष मनाने के साथ ही शतचंडी यज्ञ का आयोजन भी किया जा रहा है। यहां मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना का सिलसिला रियासतकालीन दौर में ही शुरू हुआ है।*

हफीज खान ▶▶ राजनांदगांव

प्रतिमा स्थापना की जिम्मेदारी एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी के कंधे पर आती गई और इस परंपरा का निर्वहन 75 वर्ष बाद भी इसी श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जा रहा है। शहर के प्राचीन दुर्गा उत्सव समिति में से एक मां दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति शहर के दुर्गा चौक की पहचान बन गई है। यह समिति अपने आप में कई प्राचीन इतिहास को समेटे हुए हैं। ▶▶ शेष पेज 4 पर



### साधु-संतों ने बताई पूजा की विधि

राजनांदगांव शहर के राजमहल के सामने रियासतकालीन दौर में प्रतिवर्ष धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए काशी वृंदावन से आकर 30-35 साधुओं की टोली बरगद के विशालकाय वृक्ष के नीचे अपना डेरा जमाते थे। इन साधुओं द्वारा ही किलापारा निवासियों से क्वांर नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने कही गई। वहीं साधु-संतों ने मां दुर्गा की पूजा करने की विधि भी बताई। उस दौर में दुर्गा पूजा काफी कठिन माना जाता था।

### कमरे से सेवा पंडाल तक का सफर

समिति से जुड़े 74 वर्षीय चंद्रप्रकाश यादव ने बताया कि वर्ष 1950 में 9 दिनों के लिए मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना की शुरुआत यहां बिसेसर श्रीवास्तव के खपरे-छानी वाले मकान के एक कमरे से की गई। इस कमरे में सबसे पहली बार मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना हुई और लगभग वर्ष 1980 के करीब यहां से प्रतिमा चौक में ही पंडाल लगाकर स्थापित की जाने लगी, तब से अब तक सेवा पंडाल के माध्यम से मां दुर्गा की प्रतिमा यहां स्थापित की जा रही है। शहर के कोलवा मुंशी चौक में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना का दौर शुरू होने के बाद ही ▶▶ शेष पेज 4 पर

### चौथी पीढ़ी संभाल रही विरासत

शहर के दुर्गा चौक में बाप-दादाओं के जमाने से स्थापित होती आ रही मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना की जिम्मेदारी तीसरी और चौथी पीढ़ी मिलकर संभाल रही है। दादा के बाद पिता और पिता के बाद पुत्र इस समिति में जुड़ते चले गए। वर्तमान में इस समिति के अध्यक्ष खेमचंद देवांगन, सचिव रितेश देवांगन, कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव सहित श्रीराम निर्मलकर, गोपीराम बेदरिया, रामकृष्ण सिंह ठाकुर सहित अन्य लोग समिति में जुड़े हुए हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### छग के आईपीएस श्रवण बने एनआईए के डीआईजी



**रायपुर।** छग कैडर के आईपीएस डी. श्रवण केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर एनआईए में जा रहे हैं। राज्य शासन ने भी इसकी अनुमति दे दी है। डीआईजी रैंक के अफसर श्री श्रवण छत्तीसगढ़ कैडर के 2008 बैच के अफसर हैं। आईपीएस ट्रेनिंग पूरी होने के बाद उन्हें प्रशिक्षु आईपीएस के तौर पर जगदलपुर जिले में नियुक्त किया गया था। वे जगदलपुर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### रोहित बने ऊर्जा सचिव पॉवर कंपनी का अतिरिक्त प्रभार भी



**रायपुर।** केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे 2002 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. रोहित यादव को ऊर्जा विभाग का सचिव बनाया गया है। साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने गुरुवार को यह आदेश जारी कर दिया है। डॉ. यादव के कार्यभार ग्रहण ▶▶ शेष पेज 4 पर

**मिडिल ईस्ट में तनाव**

सेंसेक्स 1,769 अंक लुढ़का
निफ्टी 547 अंक फिसली

*इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग के कारण दुनियाभर के शेयर बाजार सहम गए हैं। भारतीय शेयर बाजार की बात करे तो यह भी इससे अछूता नहीं है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से पैदा हुई चिंता के बीच घरेलू स्तर पर शेयर बाजारों में गुरुवार को चौतरफा बिकवाली हुई। मानक सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक टूट गए। सेंसेक्स में 1,769 अंक और निफ्टी में 547 अंक की भारी गिरावट दर्ज की गई। इससे निवेशकों के 9.78 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन बड़ी गिरावट के बीच 4.65 लाख करोड़ रुपए पर आ गया।*

# इजरायल-ईरान के धमाकों से बाजार धड़ाम, डूब गए 10 लाख करोड़!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को जोरदार गिरावट आई। संसेक्स 84266.29 अंकों के पिछले क्लोजिंग लेवल के मुकाबले 83,002.09 पर खुला और अंत में 1769 अंक की गिरावट के साथ 82,497.10 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 25796.6 के पिछले बंद स्तर के मुकाबले 25,452.85 पर खुलकर 547 अंक फिसलकर 25,267 पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी कोषों की सतत निकासी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। यह शेयर बाजार में गिरावट का लगातार चौथा दिन रहा। बड़ी गिरावट के बीच निवेशकों की संपत्ति एक ही दिन में 9.78 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक संसेक्स 1,769.19 अंक यानी 2.10 प्रतिशत गिरकर 82,497.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,832.27 अंक टूटकर 82,434.02 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 546.80 अंक यानी 2.12 प्रतिशत का गोता लगाते हुए 25,250.10 अंक पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने ▶▶ शेष पेज 4 पर



### इन कंपनियों में गिरावट

सेंसेक्स की कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, मारुति, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स और एचडीएफसी बैंक में खासी गिरावट दर्ज की गई।

### जेएसडब्ल्यू को ही बढ़त

बाजार की चौतरफा गिरावट का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से अकेले जेएसडब्ल्यू स्टील ही बढ़त लेने में सफल रही।



### कच्चे तेल की कीमत 4 फीसदी तक बढ़ी

इजरायल पर ईरान के मिसाइल हमलों के बाद कच्चे तेल की कीमत 4 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इस वजह से तेल की सप्लाई पर असर पड़ सकता है। विशेषज्ञ का कहना है कि अगर तेल की कीमतों में तेजी जारी रहती है तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। इसकी वजह यह है कि भारत तेल की अपनी ज्यादातर जरूरत आयात से पूरी करता है। ईरान के हमलों के बाद इजरायल ने बदला लेने की धमकी दी है।

### इधर, इजरायल ने दे दी खुली चेतावनी

फिलिस्तीन, ईरान, लेबनान, सीरिया जैसे देशों से आर-पार करने के लिए इजरायल अब पूरी तरह तैयार नजर आ रहा है। इजरायल की सेना ने गुरुवार को दक्षिणी लेबनान के कस्बों और गांवों के लोगों से जगह खाली करने को कहा। यह क्षेत्र 2006 के युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित 'बफर जोन' के उत्तर में स्थित है। इस चेतावनी से दक्षिणी लेबनान में इजरायल की सैन्य कार्रवाई के संभावित विस्तार का संकेत मिलता है, जो अब तक सीमावर्ती क्षेत्रों तक ही सीमित थी।

### लेबनान से अब तक 12 लाख लोग विस्थापित

इजरायली हवाई हमलों के कारण लेबनान में विस्थापित लोगों की कुल संख्या लगभग 12 लाख हो गई है। लेबनानी मंत्रिपरिषद की डिजास्टर रिस्क मैनेजमेंट यूनिट ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, विस्थापित लोग अन्य क्षेत्रों में अपने परिवार के साथ रहने को मजबूर हैं।

**क्यों क्रेश हुआ मार्केट**

**इजराइल - ईरान युद्ध:** 1 अक्टूबर को ईरान के इजरायल पर लगभग 150 से अधिक मिसाइलों की बौछार करने के बाद मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया।

**सेबी एफएंडओ नियम:** बाजार नियामक सेबी ने इक्विटी डेरिवेटिव ट्रेडिंग के नियमों को कड़ा कर दिया है। इससे इस एसेट क्लास में ट्रेड करना अधिक महंगा हो गया है।

**कच्चे तेल की कीमतें:** मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने की चिंता बढ़ने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है। दुनिया के सबसे बड़े तेल उत्पादक क्षेत्र से तेल की आपूर्ति को खतरा हो सकता है।

**विदेशी निवेशक कर रहे बिकवाली:** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने अपनी बिकवाली को आगे बढ़ाते हुए 1 अक्टूबर को 5,579.35 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# रेलकर्मियों को दिवाली बोनांजा किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए दो नई योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिवाली के पहले रेलकर्मियों की दिवाली मन गई। केंद्र सरकार ने रेलवे कर्मचारियों के लिए बोनस बोनांजा की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कई बड़ी योजनाओं को मंजूरी दी गई। दिवाली से पहले जहां किसानों आय बढ़ाने के लिए दो बड़ी योजनाओं को मंजूरी दी गई है, वहीं रेलवे कर्मचारियों को भी बोनस देने पर सहमति जताई गई है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिए गए फैसलों की विस्तृत जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अलावा किसानों से जुड़ी कई योजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा चेन्नई मेट्रो फेज-2 को भी मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज कैबिनेट बैठक में जो सबसे बड़ा फैसला लिया गया, वह किसानों ▶▶ शेष पेज 4 पर

**केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला मध्यमवर्ग की थाली का भी ख्याल**




### 5 भाषाओं को क्लासिकल भाषा का दर्जा

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली केंद्रीय कैबिनेट ने 5 भाषाओं को क्लासिकल भाषा मे दर्जा देने पर सहमति जतायी। मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली भाषा अब क्लासिकल भाषा की सूची में शुमार हो गये। तमिल, संस्कृत, तेलगु, कन्नड़, मलयालम, ओड़िया को पहले से ही क्लासिकल भाषा का दर्जा प्राप्त था।

### चेन्नई मेट्रो फेज 2 को भी मंजूरी

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि चेन्नई मेट्रो फेज 2 को भी मंजूरी मिली है। इस पर 63,246 करोड़ रुपए खर्च होंगे। ये फेज 119 किलोमीटर का होगा। इसमें 120 स्टेशन होंगे। इसके निर्माण के लिए केंद्र और राज्य का 50 -50 फीसदी शेयर होगा।

**रेलकर्मियों को 78 दिनों का बोनस**

रेलवे कर्मचारियों को भी बोनस का तोहफा देने की मंजूरी कैबिनेट ने दे दी है। रेलवे में उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देते हुए कैबिनेट ने 11,72,240 रेलवे कर्मचारियों को 2028.57 करोड़ रुपए के 78 दिनों के बोनस के भुगतान को मंजूरी दी है। यह राशि विभिन्न श्रेणियों के रेलवे कर्मचारियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ग्रुप एक्ससी कर्मचारियों को दी जाएगी।

*छत्तीसगढ़ हरित शिखर का सीएम ने किया शुभारंभ*

# साय बोले- क्लाइमेट चेंज दुनिया में सबसे बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि पर्यावरण संकट और जलवायु परिवर्तन वर्तमान में राष्ट्रीय चिंतन का विषय बन गया है। जलवायु परितर्वन हाल के वर्षों में दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। हम सभी को मिलकर इस समस्या से निपटने के लिए सहभागिता निभानी होगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित प्रथम संस्करण छत्तीसगढ़ हरित शिखर के शुभारंभ कार्यक्रम को ▶▶ शेष पेज 4 पर



### दिल्ली में भारी तापमान, रेगिस्तान में बारिश

मुख्यमंत्री श्री साय ने जलवायु परिवर्तन पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इस वर्ष देश में गर्मी ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। राजधानी दिल्ली में तापमान 52.3 डिग्री तक पहुंच गया था। जलवायु परिवर्तन ने भारत ही ▶▶ शेष पेज 4 पर

### वनमंत्री ने कही ये बात

वन मंत्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया ने बहुत तरक्की कर ली है। हर क्षेत्र में हम आगे बढ़े लेकिन प्रकृति से हमने दूरी बना ली। हमने प्रकृति का साथ छोड़ा है, हम विकृति की ओर बढ़ने लगे हैं। श्री कश्यप ने कहा कि हमने साधनों का दुरुपयोग करना शुरू कर दिया है और अपने अस्तित्व को चुनौती देने का काम कर रहे हैं। प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे. नन्दकुमार ने कहा कि भारतीय ▶▶ शेष पेज 4 पर

# गोली कहां से चली, कितनी दूरी से चली बताएगा गनशूट डिटेक्शन सिस्टम

- छग में होगी खरीदी, पुलिस ने जारी किया 12 जीडीएस खरीदी का टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ पुलिस के हाथों में अब जल्द ही एक्यूस्टिक गनशूट डिटेक्शन सिस्टम होगा। यह एक ऐसा सिस्टम है, जिससे यह जानकारी तुरंत मिल जाती है कि किस बंदूक, पिस्टल से गोली चली और किस दिशा से चली। कितनी दूरी से गोली चली। एक बंदूक से चली या अलग अलग से। यह सारी ▶▶ शेष पेज 4 पर



### ऐसे काम करता है ये सिस्टम

बताया गया है कि यह सिस्टम गोलीबारी का पता लगाने के लिए ध्वनिक, कंपन, ऑप्टिकल या अन्य सेंसर का उपयोग करता है। इसमें सेंसरों की एक श्रृंखला, एक प्रोसेसिंग यूनिट और एक उपयोगकर्ता इंटरफ़ेस शामिल है। गोलीबारी की घटनाओं की सूचना अधिकारियों को वास्तविक समय में देता है। कानूनी कार्यवाही में फोरेंसिक साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

## 11 एथेनॉल, 3 स्पंज आयरन प्लांट से हजारों के लिए खुलेंगे रोजगार के रास्ते

# बेमेतरा प्रदेश का पहला जिला जहां लगेंगे 11 एथेनॉल प्लांट, तकनीक ऐसी, न दुर्गंध-न प्रदूषण

बेमेतरा से लौटकर गौरव शर्मा ▶▶ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

छत्तीसगढ़ के मानचित्र में बेमेतरा की पहचान कृषि प्रधान जिले के रूप में रही है, लेकिन अब बेमेतरा औद्योगिक विकास की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। बेमेतरा जल्द ही प्रदेश का पहला ऐसा जिला बनने जा रहा है, जहां 11 एथेनॉल और 3 स्पंज आयरन के प्लांट लगेंगे। इनमें से तीन एथेनॉल और एक स्पंज आयरन फैक्ट्री का काम प्रारंभ कर दिया गया है। नवंबर से ही पथर्रा के एथेनॉल प्लांट में उत्पादन भी शुरु हो जाएगा। इससे न सिर्फ ▶▶ शेष पेज 4 पर

**पराली जलाने और धान की अधिकता की समस्या का होगा निराकरण**







**चाकचौबंद सुरक्षा संवाद भी**

*बेमेतरा के एसपी रामकृष्ण साहू ने बताया, जिन स्थानों पर प्लांट के विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा है, वहां लगातार लोगों को समझाया जा रहा है। चूंकि उद्योगों के माध्यम से बड़े* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### प्रदूषणयुक्त फैक्ट्री नहीं चाहिए

हमारे क्षेत्र में प्रदूषणयुक्त फैक्ट्री नहीं चाहिए। खेती-किसानी से संबंधित फैक्ट्री लगनी चाहिए। औद्योगिक क्षेत्र के नियमों के हिसाब से यह क्षेत्र अनुपयुक्त है। इसलिए क्षेत्र की जनता इसका विरोध कर रही है।

\- प्रमिल तिवारी, संयोजक छत्तीसगढ़ किसान संघ

### उद्योगों से तेज होगी विकास की गति

बेमेतरा जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बताया कि बेमेतरा में 3 एथेनॉल प्लांट का काम तेजी से चल रहा है। एक प्लांट के लगने से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 500 लोगों को रोजगार मिलता है। इस तरह हजारों लोगों को इन उद्योगों से रोजगार मिलेगा। इससे विकास की गति तो तेज होगी ही, धान खरीदी के माध्यम से शासन पर पड़ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पेज एक के शेष

### आधी रात किन्नरों...

ने नवरात्रि में देवी की पहली पूजा की। उनके द्वारा लाए गए चुनरी को देवी को चढ़ाई गई। यह परंपरा आज की नहीं, बल्कि रियासतकाल से चली आ रही परंपरा है। बुधवार की रात लगभग 9 बजे बड़ी संख्या में किन्नर सजधज कर घोड़ी वाली शाही पालकी वाहन में बैठकर देवी दंतेश्वरी मंदिर की ओर रवाना हुए। घोड़ी के सामने नाचते गाती किन्नरों को देखकर लोग रुक जाते थे। साड़ी में सजधज कर किन्नर नाचती हुई देवी की भक्ति में लीन दिखे।किन्नरों के साथ बड़ी संख्या में बच्चे और उनके मोहल्ले के आसपास के लोग भी थे जो देवी की आराधना में भक्ति गीत गाती हुई चल रही थी। डीजे की धुन में उन्हें मस्ती में नाचते हुए देख अन्य लोग भी थिरकते दिखे। रात 10 बजे संजय मार्केट से उनका काफिला मंदिर की ओर बढ़ रहा था। **नवरात्रि में देवी की पहली पूजा हमारे लोग करते आ रहे हैं** : किन्नर रिया सिंह ने बताया कि उनके पूर्वजों को बस्तर महाराजा ने शारदीय नवरात्रि में रात को देवी दंतेश्वरी को चुनरी चढ़ाने और पूजा अर्चना करने की अनुमति दी थी।

### श्रृंगार यात्रा में...

किन्नरों के श्रृंगार यात्रा में जगदलपुर के अलावा पड़ोसी राज्य ओड़िशा से भी बड़ी संख्या में किन्नर यात्रा में शामिल होने के लिए बस्तर पहुंचते हैं। उन्होंने बताया इस रिवाज के पीछे मुख्य उद्देश्य यह भी है कि व्यापारियों व बस्तरवासियों पर किसी तरह की कोई समस्या ना आए और किसी की गोद खाली ना रहे। इसलिए वे हर साल देवी मां दंतेश्वरी से प्रार्थना करने पहुंचते हैं।

### बैगा के नेतृत्व में...

में चकमक पत्थर को रगड़कर प्रधान ज्योति प्रज्ज्वलित की। इसके बाद मनोकामना ज्योति जलाई गई। घट स्थापना के पूर्व मंदिरों में पहली आरती ब्रह्म मुहूर्त में हुई। हालांकि इसकी तुलना में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलन के वक्त पहुंचने वाले भक्तों की संख्या अधिक रही। महामाया मंदिर के साथ ही दंतेश्वरी मंदिर, बंजारी माता मंदिर, आकाशवाणी काली माता मंदिर में भी नियम पूर्ण करते हुए विधि-विधान से ज्योति प्रज्ज्वलित की गई।

### शहर में 400 से...

शंख- मृदंग की मधुर धुन और मंत्रोच्चार के मध्य स्थापना की गई। डीजे पर प्रतिबंध के कारण पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन सुनने को मिली।

### रियासतकाल से अब तक....

1950 में ही समिति का गठन : शहर के दुर्गा चौक में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के लिए यहां के युवा सामने आए और वर्ष 1950 में स्व. शिव ढीमर, स्व. भगवत प्रसाद श्रीवास्तव, स्व. दुर्गाप्रसाद मानिकपुरी, स्व. बाबूलाल श्रीवास्तव, स्व. छोटेलाल, स्व. केदारनाथ गुप्ता, अनवर भाई, वली मास्टर, रर्मया नाई, रामेश्वर निर्मलकर और परदेशी पटेल ने इस मां दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति का गठन किया।

### कमरे से सेवा पंडाल...

वर्ष 1952-53 में इस चौक को दुर्गा चौक के नाम से संबोधित किया जाने लगा और इस चौक का नामकरण दुर्गा चौक हो गया।

### इजरायल-ईरान के धमाकों...

मंगलवार को 5,579.35 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 2.27 प्रतिशत की बड़ी गिरावट पर रहा जबकि स्मालकैप सूचकांक में 1.84 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### छग के आईपीएस श्रवण...

कोतवाली में थाना प्रभारी रहे। एसडीओपी केशकाल की जवाबदारी भी उन्होंने संभाली। कोंडागांव, कोरबा, मुंगेली, सुकमा, राजनांदगांव, जगदलपुर जिले के एसपी भी रहे। डी. श्रवण सेनानी छठवीं वाहिनी रायगढ़ के पद पर भी रहे। वर्तमान में वे डीआईजी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल हेडक्वार्टर सेंटर रेंज रायपुर में पदस्थ हैं।

### रोहित बने ऊर्जा...

करने के बाद से मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद ऊर्जा विभाग के सचिव और छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

### रेलकर्मियों को दिवाली...

की आय बढ़ाने और मध्यम वर्ग के लोगों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने से जुड़ा है। इसके दो स्तंभ हैं- पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषोन्ति योजना। इन दोनों योजनाओं के लिए 1 लाख 1 हजार 321 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। इन दोनों के अंतर्गत 9-9 योजनाएं शामिल की गई हैं।

### साय बोले- क्लाइमेट चेंज...

संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पर्यावरण शोध पर आधारित संक्षेपिका का विमोचन भी किया।

**छत्तीसगढ़ में कर रहे हैं ये काम** : मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का 44 प्रतिशत हिस्सा वनाच्छादित है और हम इसे सहेजने का काम गंभीरता के साथ कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 4 करोड़ वृक्ष लगाने का जो लक्ष्य रखा गया था, वह हमने पूरा कर लिया है। हाल ही में हमने गुरु घासीदास-तमोर पिंगला को टाइगर रिजर्व बनाने की पहल की है। यह देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व होगा।

### दिल्ली में भारी...

नहीं वन पूरे दुनिया में दस्तक दी है। दुबई जैसे रेगिस्तानी इलाके में अत्यधिक बारिश होने से पूरा शहर बाढ़ की चपेट में आ गया। उन्होंने कहा कि आज क्लाइमेट चेंज दुनिया में सबसे बड़ी चुनौती है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पहले से ही इस समस्या के बारे में वैश्विक जगत को आगाह किया था।

### वनमंत्री ने कही...

संस्कृति को आरण्यक संस्कृति कहा गया है। भारतीय संस्कृति का आदर्श रूप वनवासियों के जीवन में हमें दिखता है। कार्यक्रम में वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव ने स्वागत उद्बोधन दिया।

### गोली कहां से...

जानकारी गोलीबारी की घटनाओं की जांच के लिए कानूनी कार्यवाही में फोरेंसिक साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल की जाएगी। राज्य पुलिस मुख्यालय ने इस सिस्टम की खरीदी के लिए टेंडर जारी किया है। पुलिस मुख्यालय की एसआईबी शाखा ने खरीदी के लिए टेंडर जारी किया है। यह टेंडर 12 एक्युस्टिक गनशॉट डिटेक्शन सिस्टम (जीडीएस) की खरीदी के लिए है। इस संबंध में 25 अक्टूबर तक टेंडर लिए जाएंगे। बताया गया है कि यह सिस्टम गोलीबारी की घटनाओं के संबंध में त्वरित जानकारी हासिल करने और अपराधियों की पहचान करने में मदद करता है। इससे गोलीबारी की घटनाओं में कमी आने की संभावना है। इसके साथ ही पुलिस को जल्द से जल्द मामलों की जांच करने की सुविधा भी मिलेगी।

**इस तरह का सिस्टम खरीदा जाएगा** : पुलिस मुख्यालय ने इस खरीदी के लिए जो टेंडर जारी किया है उसमें जीडीएस के स्पेसीफिकेशन के संबंध में बताया गया है कि यह पोर्टेबल सिस्टम मैन कैरीएबल होना चाहिए। इससे 400 मीटर दूर से आने वाली गोली का भी पता लगना चाहिए। डिटेक्शन कवरेज 360 डिग्री अजीमुथल होना चाहिए। किसी मैनुअल सेटिंग की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। एआई के साथ 3.5 इंच का रंगीन टीएफटी डिस्प्ले होना चाहिए।

**गोलीबारी की दिशा और हथियार की पहचान भी** : इस सिस्टम के संबंध में उपलब्ध जानकारी के मुताबिक इससे एक बड़े क्षेत्र में कुछ फीट की दूरी से गोलियों की आवाज का पता लगा सकता है। जीडीएस का उपयोग कानून प्रवर्तन, सुरक्षा, सेना, सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और व्यवसायों द्वारा किया जाता है। वे गोलीबारी के स्रोत, गोलीबारी की दिशा तथा प्रयुक्त हथियार के प्रकार की पहचान कर सकते हैं। कुछ प्रणालियां यह भी पता लगा सकती हैं कि क्या एक से अधिक बंदूक का इस्तेमाल किया गया था या बंदूक स्वचालित थी। जीडीएस को आउटडोर या इनडोर उपयोग के लिए पैक किया जा सकता है।

### बेमेतरा प्रदेश का पहला...

हजारों स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के रास्ते खुलेंगे, बल्कि पराली जलाने और धान खरीदी के बाद चावल उठाव की समस्या का भी ठोस निराकरण होगा। बेमेतरा के पथर्रा और रांका गांव में एथेनॉल प्लांट का काम तेजी से चल रहा है। पथर्रा गांव में फैक्ट्री का काम 90 फीसदी से अधिक पूरा हो चुका है। इस प्लांट में नवंबर से उत्पादन भी शुरु हो जाएगा। सबसे खास बात यह है कि पथर्रा में लग रहे प्लांट में ऐसी तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे न दुर्गंध की समस्या होगी, न प्रदूषण की। इसके लिए फैक्ट्री प्रबंधन ने डाइजेस्टर सिस्टम स्थापित किया है।

**ऐसे मिलेगी दुर्गंध और प्रदूषण से राहत** : प्लांट के डायरेक्टर रोहित सचदेव ने बताया कि इस सिस्टम की खासियत है कि इसकी जैविक प्रणाली गंध पैदा करने वाले बैक्टीरिया को पचा लेती है और इससे साफ पानी निकलता है। यह पानी फिर से उपयोग के लायक होता है। इस तरह प्लांट और आसपास दुर्गंध नहीं होगा। जो पानी निकलेगा उसका उपयोग राख को बुझाने के लिए फैक्ट्री में ही किया जाएगा।

### चाकचौबंद सुरक्षा ...

पैमाने पर लोगों को रोजगार मिलेगा, इसलिए ग्रामीणों की चिंताओं को भी दूर किया जा रहा है। कहीं भी कानून व्यवस्था की स्थिति न बने, इसके लिए लगातार संवाद किया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से सभी व्यवस्थाएं भी की जा रही है।

### उद्योगों से तेज होगी...

वाले अतिरिक्त भार में भी कमी आएगी। जिन स्थानों पर ग्रामीण विरोध कर रहे हैं, उनके साथ लगातार संवाद किया जा रहा है। जल्द ही उद्योगों के संचालकों के साथ भी उनकी बैठक कर ग्रामीणों की आशंकाओं का निदान कर लिया जाएगा।

**जेल मैनुअल में बदलाव के निर्देश**

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा-कैदी की जाति देखकर काम देना असंवैधानिक

नई दिल्ली। जेल में कैदियों के साथ जातिगत आधार पर होने वाले भेदभाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कैदी की जाति देखकर उसे काम देना असंवैधानिक है। यह अनुच्छेद 15 का उल्लंघन है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने जेल मैनुअल में बदलाव के निर्देश दिए हैं। अदालत ने सभी राज्यों को तीन महीने के अंदर जेल नियमों में बदलाव करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि विभिन्न राज्यों के जेल मैनुअल के ऐसे प्रावधान जिनमें जाति के आधार पर काम का बंटवारा हो, असंवैधानिक है। इस तरह के नियम औपनिवेशिक काल की मानसिकता का उदाहरण है।

## इजराइल-ईरान जंग

# भारत के सामने खड़ी आर्थिक, सामरिक और भारतीयों की सुरक्षा की चुनौती

### पश्चिम एशिया में लड़ाई से बनते नाजुक हालातों के बीच विदेश, आर्थिक, रक्षा मामलों के जानकारों ने दी यह प्रतिक्रिया

कविता जोशी ▶▶| नई दिल्ली

इजराइल-ईरान की भीषण लड़ाई के बीच भारत के सामने आर्थिक, सामरिक और खाड़ी देशों में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा जैसे तीन मोर्चों पर गंभीर चुनौती उभरती हुई नजर आ रही है। विदेश, रक्षा और आर्थिक मामलों के जानकारों ने हरिभूमि से बातचीत में उक्त मोर्चों पर पड़ते प्रभाव के बारे में अपनी प्रतिक्रिया दी है। इसमें उन्होंने बताया कि सबसे पहले समस्या भारत के करीब 80 फीसदी तेल और गैस के मध्य पूर्व क्षेत्र से लिए जाने से है। लड़ाई के बीच अगर कोई पक्ष समुद्री मार्ग को पूर्णतः बाधित कर दे तो उसका सीधा असर हमारी घरेलू महंगाई और समूची महंगाई दर पर पड़ेगा। रक्षा क्षेत्र में भारत इजराइल से कई प्रकार की तकनीक, हथियार, रक्षा प्लेटफार्म और गोला बारूद खरीदता है। लेकिन अब इनकी आपूर्ति प्रभावित होती दिखाई पड़ रही है। जिससे चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश, म्यांमार की साझा चुनौती के बीच हमारी सैन्य तैयारी की रफ्तार धीमी होगी। विदेश मामलों के लिहाज से मध्य पूर्व के देशों में कुल करीब 9 मिलियन भारतीय रहते हैं। लड़ाई बढ़ने पर इन्हें खाड़ी से सुरक्षित बाहर निकालना एक बड़ी चुनौती होगा।



### नहीं होगा तीसरा विश्वयुद्ध भारतीयों की सुरक्षा अहम

थिंक टैंक ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) में फैलो और मध्य-पूर्व के मामलों के जानकार कबीर तनेजा ने बताया कि यह लड़ाई कभी भी तीसरे विश्व युद्ध में तब्दील नहीं होगी। क्योंकि हमें ये याद रखना होगा कि यह युद्ध द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद 1948 से जारी है। ऐसे में तीसरा विश्व होना होता तो कब का हो चुका होता। ये एक क्षेत्रीय विवाद और 70 साल पुरानी समस्या है। जो समय-समय पर क्षेत्र में अपना सिर उठाती है। लेकिन भारत की असल चिंता खाड़ी देशों में रह रहे लगभग 9 मिलियन भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर है। अगर क्षेत्र में जंग फैली तो इन्हें वहां से सुरक्षित निकालना काफी अहम होगा।

### मध्यस्थता की दरकार नहीं

*कबीर तनेजा ने कहा, युद्ध में भारत को खाड़ी देशों और इजराइल के बीच संतुलन बिठाने की जरूरत नहीं है। उसने अपने बयान से भी यह साफ कर दिया है। एस.जयशंकर कह चुके हैं कि अगर दोनों देशों को कोई संदेश भेजना हो तो भारत ये कर सकता है। लेकिन ये मध्यस्थता नहीं है। क्योंकि यही भूमिका कतर और ओमान भी निभा रहे हैं।*

### सैन्य तैयारी को सुदृढ़ बनाना अनिवार्य

सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा, ईरान-इजराइल की लड़ाई से भारत पर सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि अब उसे हर हाल में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना पड़ेगा। वहीं, इस लड़ाई की सबसे बड़ी सीख ये है कि कभी भी दुश्मन को अपने आप से कम नहीं आंकना चाहिए। आज हमारे सामने चीन-पाक के अलावा बांग्लादेश, म्यांमार से आ रही चौतरफा सुरक्षा चुनौती मौजूद है। इसका मुकाबला करने के लिए हमें कूटनीति, सैन्य क्षमता और आंतरिक सुरक्षा को हमेशा सुदृढ़, सक्षम और सुरक्षित बनाए रखना होगा। पश्चिम एशिया में आज जो हो रहा है। भारत उसका सालों से सामना कर रहा है। कारगिल युद्ध में हमने गोला बारूद इजराइल से लिया था और उससे पहले की लड़ाइयों में रूस मददगार रहा। आज ये दोनों देश खुद लड़ाई में उलझे हुए हैं। ऐसे में भारत के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना हर हाल में अनिवार्य हो जाता है। साथ ही ये मानना कि अब युद्ध केवल कुछ दिनों तक ही चलेगा, ठीक नहीं है। सैन्य तैयारी कम से कम छह महीने के समय को ध्यान में रखकर करनी पड़ेगी।

### व्यापार लागत बढ़ेगी

अर्थशास्त्री डॉ.सारथी आचार्य ने कहा कि वर्तमान में भारत ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह को विकसित कर रहा है। लड़ाई से इसमें दिक्कत आ सकती है। यहां से हम केंद्रीय एशिया से व्यापार करते हैं। क्योंकि पाक, अफगान मार्ग बंद है। हूती के हमलों से लाल सागर बाधित हो रहा है। जहां से भारत, इजराइल व्यापार करते थे। लड़ाई से अर्थव्यवस्था पर समूचे रूप से प्रभाव पड़ा है। क्योंकि भारत-यूरोप का व्यापार जिस मार्ग से जाता था। वो लड़ाई की वजह से बाधित है। ऐसे में हमें दक्षिण अफ्रीका के रास्ते व्यापार करना पड़ रहा है। जिसमें कहीं सामान पहुंचाने या वहां से कुछ स्वदेश लाने में समय ज्यादा लग रहा है और लागत भी बढ़ रही है। तेल का मामला ठीक है क्योंकि हम फिलहाल रूस से इसका आयात कर रहे हैं।

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट) बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
असली केंदवा® मलहम दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट — सिंघानिया स्किन केयर, 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente, रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर — मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल, छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल — डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) — फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण — पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध) — श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी — अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर) जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001) फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037 — लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ — प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553 नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक — सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव * — बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) — आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता। — डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre, Diabetic Clinic — Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304 — 17, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी — डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश) — स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मानसिक शान्ति के लिए भी प्रयास करें। कारोबार में सुधार होगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**वृष** — शैक्षिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आत्मविश्वास से लवरेज रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी रहेगा।

**मिथुन** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कार्यक्षेत्र पर स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। मेहनत अधिक रहेगी। खानपान के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**कर्क** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। कारोबार में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों आदि पर खर्च अधिक रहेंगे।

**सिंह** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। किसी मित्र के सहयोग से धनार्जन के स्रोत विकसित हो सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन लाभ के योग बन रहे हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला** — परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। लाभ में वृद्धि होगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — कारोबारी कार्यों में मन लगेगा। आय में वृद्धि होगी। कुछ पुराने मित्रों से पुन:सम्पर्क हो सकते हैं। सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।


**धनु** — नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। खर्च की अधिकता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे।

**मकर** — आलस्य अधिक हो सकता है। कार्यों में व्यवधान सकते हैं। माता-पिता का सानिध्य मिल सकता है। किसी सम्पत्ति से धन लाभ हो सकता है।

**कुंभ** — भवन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**मीन** — उपहार में वस्त्रों की प्राप्ति हो सकती है। खर्च अधिक रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सुख-शान्ति रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

## शब्द पहेली - 5652



**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 5651 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | श | म | शा | न | | म | ति | मं | द | |
| क | | | य | | वी | | रं | | | शै |
| र | | प | र | व | र | दि | गा | र | | ता |
| ता | ड़ | ना | | | वा | | | ज | वा | न |
| र | | ह | | प | र | दा | | त | री | |
| | नी | | गै | र | | म | जा | | स | |
| | र | वि | | म | न | न | | स | | आ |
| ग | ज | रा | | | फा | | | ह | की | म |
| र | | म | ह | सू | स | क | र | ना | | द |
| म | | | रा | | त | | खै | | | नी |
| | सो | म | ना | थ | | य | ल | गा | र | |

## सूडोकु नवताल 5663

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGA_ORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5662 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

**गरुड़ कंस्ट्रक्शन का आईपीओ आठ अक्टूबर को खुलेगा : नई दिल्ली।** गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड ने 264 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 92-95 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उसका आईपीओ आठ अक्टूबर को खुलेगा और 10 अक्टूबर को बंद होगा।

## छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

प्रपत्र 'ब' प्रथम निविदा ई - प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ) Website-www.cgmsc.gov.in
Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in क्र./7719/ निर्माण / 2024 दिनांक 01/10/2024

| स. क्र. | नि.आ. सू. क्र. | कार्य का नाम | राशि (रु. लाख) |
|---|---|---|---|
| | | दुर्ग संभाग | |
| 1 | 10083 | जिला राजनांदगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ में ई.टी. पी. निर्माण कार्य। | 10.78 |
| 2 | 10084 | जिला खैरागढ़ - छुईखदान - गण्डई के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुईखदान में ई.टी. पी. निर्माण कार्य। | 10.78 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 08/10/2024 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 29/10/2024 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

S-41648/2 **अधीक्षण अभियंता**

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड

(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No. 03-11/SE(HR)-III/HR/Veh./W-T-97/3005 Raipur Date: 1-10-2024

**TENDER NOTICE**

CSPGCL invites sealed bids from prospective bidders/contractors for the following works :-

| क्रं. | निविदा क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा का मूल्य | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03-11/ HR / SE(HR)-III/ Veh./ W-T-97 /3005, dated 01.10.2024 | Hiring of a vehicle category -II car (Ex-Showroom price up to cost of Rs. 8.00 Lakhs) for ACE(HR)-Personnel, O/o CE(HR) CSPGCL, Raipur for a period of 02 years | रु. 590/— वापसी योग्य नहीं (जीएसटी सहित) | रु.10,500/— वापसी योग्य |
| 2 | निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि व समय | | 22.10.2024 | 17:00 बजे तक |
| 3 | निविदा जमा करने की तिथि व समय | | 23.10.2024 | 15:30 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि व समय | | 23.10.2024 | 16:00 बजे |
| 5 | निविदा की संपूर्ण जानकारी हेतु कंपनी की वेबसाइट **http://www.cspc.co.in/cspgcl/tender/ tendernotices /Central Offices** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा संबंधी किसी भी प्रकार के परिवर्तन की जानकारी वेबसाईट पर ही उपलब्ध होगी। | | | |
| 6 | निविदा खोला जाना या रद्द करना कंपनी के क्षेत्राधिकार में आता है। | | | |

"SAVE ELECTRICITY"

CHIEF ENGINEER (HR)
CSPGCL::RAIPUR

## पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्र. 656 / विकास / निसू. / 2024 रायपुर, दिनांक 01/10/2024

**निविदा सूचना**

**Tender for Supply of Equipment's/instruments, chemicals, glassware / labware/ plasticwares, ultrapure gases, lab furniture, data acquisition systems, instrument associated UPS, lab cooling systems, Modular Lab Setup and other laboratory accessories on rate contract basis.**

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर की ओर से निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से Equipment's/instruments, chemicals, glassware / labware / plasticwares, ultrapure gases, lab furniture, data acquisition systems, instrument associated UPS, lab cooling systems, Modular Lab Setup and other laboratory accessories सामग्री क्रय करने के लिये Rate Contract हेतु सीलबंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डॉक / कोरियर के माध्यम से निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक फर्म विकास विभाग से रू.1000.00 (एक हजार मात्र) रूपये की रसीद जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। वेबसाइट से प्राप्त निविदा प्रपत्र रू.1000.00 का बैंक ड्राफ्ट Registrar, Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur के नाम से संलग्न करने पर ही मान्य होगा।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि | - | 04/11/2024 को अपरान्ह 05:00 बजे तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | - | 06/11/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक |
| निविदा खोले जाने की तिथि | - | 06/11/2024 को अपरान्ह 04:00 बजे |
| निविदा खुलने का स्थान | - | कुलपति सचिवालय सभागार, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) |

**टीप** – निविदा का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय के Website:- www.prsu.ac.in पर देखा जा सकता है।

S-41646/2 **कुलसचिव**

## सुनहरे मौके बार-बार नहीं आते

प्लॉट - आवासीय, व्यवसायिक, शैक्षणिक, डुप्लेक्स आवास, फ्लैट्स, दुकानें विक्रय हेतु उपलब्ध।

**सीमित संख्या में...**

**निविदा सूचना**

क्रमांक 13762 दिनांक : 03.10.2024

विक्रय योग्य सम्पत्तियां

| क्र. | योजना | संपत्ति का प्रकार | संख्या | संपत्ति का क्षेत्रफल (वर्गफुट में) | संपत्ति का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कौशल्या माता विहार | **आवासीय भूखण्ड** (2000 व.फु से कम) दर रू. 1979/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 4 | 822.4-1743.9 | रु.16,27,450 - रु. 34,51,099/- |
| | | **आवासीय भूखण्ड** (2000 व.फु से ज्यादा) दर रू. 1884/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 39 | 2064.5-8836.3 | रु. 38,89,556 - रु.1,66,47,589/- |
| | | **मिश्रित भूखण्ड** - दर रु. 3373/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 1 | 9610 | रु.3,24,14,530/- |
| | | **व्यावसायिक भूखण्ड** - सेक्टर लेवल दर रु. 3300/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 24 | 757.07-1252.5 | रु.24,98,322 - रु.41,33,208/- |
| | | **डुप्लेक्स रो-हाऊस** | 7 | 545-798.3 | रु.24,60,767 - रु.32,37,435/- |
| | | **एल.आई.जी. फ्लैट्स** (3 बी.एच.के.) सेक्टर-13 | 132 | 645 | रु.19,00,000/- |
| | | **एल.आई.जी. फ्लैट्स** (2 बी.एच.के.) | 13 | 497 | रु.11,63,000/- |
| | | **एल.आई.जी. फ्लैट्स** (3 बी.एच.के.) | 6 | 645 | रु.13,91,000/- |
| PCG RERA NO. - 190618000236, Website :- https://rera.cgstate.gov.in | | | | | |
| 2 | इन्द्रप्रस्थ रायपुरा | 120 अपार्टमेंट (मल्टीस्टोरी फ्लैट्स) | 3 | 1008-1061 | रु.21,30,000 - रु.22,43,000/- |
| 3 | बोरियाखुर्द योजना | **शैक्षणिक भूखंड**- दर रु. 415/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 1 | 27518 | रु.1,14,19,970/- |
| | | **दुकानें** - दर रु. 4000/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड) | 8 | 78-120 | रु.3,13,760 - रु.4,81,320/- |
| | | **पुराने फ्लैट्स** - डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना | 177 | 290 | रु.3,37,000/- |
| 4 | कटोरा तालाब योजना (सेक्टर-07 न्यू राजेन्द्र नगर) | **भक्त माता कर्मा दुकानें**- दर रु. 5680/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 10 | 478-494 | रु.27,15,040 - रु.28,05,920/- |
| 5 | शैलेन्द्र नगर योजना | **दुकानें (प्रथम तल)** - दर रु. 6000/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड) | 19 | 229-253 | रु.13,74,000 - रु.15,18,000/- |
| 6 | हीरापुर योजना | **पुराने फ्लैट्स** - डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना | 13 | 290 | रु. 3,76,000/- |
| 7 | रायपुरा योजना | **पुराने फ्लैट्स** - डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना | 32 | 290 | रु. 3,97,000/- |

- निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 04/10/2024 ● निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि - 04/09/2024 से 18/10/2024
- निविदा पूर्ण रूप भरकर जमा करने की अंतिम तिथि - 18/10/2024, दोपहर 2 बजे तक
- निविदा खुलने की तिथि - 18/10/2024, दोपहर 3 बजे

निविदा प्रपत्र/आवेदन नियम एवं शर्तें रायपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://rda.cgstate.gov.in में देखा जा सकता है तथा डाउनलोड किया जा सकता हैं। डाउनलोड किए गए आवेदन पत्र जमा करते समय रू. 500/- अतिरिक्त रूप से जमा करना होगा।

अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी

**रायपुर विकास प्राधिकरण**

भक्त माता कर्मा व्यावसायिक परिसर, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006
वेबसाईट - https://rda.cgstate.gov.in, टोल फ्री नं. - 1800-233-7188

रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा संपत्ति विक्रय के लिए किसी एजेंट/ब्रोकर की नियुक्ति नहीं की गई है। इच्छुक आवेदक संपत्ति क्रय/खरीदने के लिए सीधे कार्यालय के मार्केटिंग शाखा से संपर्क करें।

# त्योहारों में क्लासिक ग्रुप का फेस्टिव ऑफर प्रॉपर्टी बुकिंग पर शानदार सुविधाएं व उपहार



**रायपुर।** त्योहारों के शुभ अवसर पर रियल एस्टेट कंपनी क्लासिक ग्रुप अपने ग्राहकों के लिए विशेष फेस्टिव ऑफर लेकर आई है। इस ऑफर के तहत कंपनी के सभी प्रोजेक्ट्स में क्लब हाउस मेंबरशिप का चार्ज फ्री होगा और बुकिंग पर आकर्षक उपहार भी दिए जाएंगे। क्लासिक ग्रुप रायपुर शहर के विश्वसनीय रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक है और इसके तीन प्रमुख प्रोजेक्ट्स क्लासिक कैसल, सुमीत लैंडस्केप और क्लासिक टॉवर्स हैं।

क्लासिक ग्रुप के प्रमोटर मो. आबिद सूर्या और विवेक बेगानी ने बताया कि क्लासिक कैसल जो कि कचना में स्थित है, इसमें 15 से अधिक लक्जरी सुविधाओं के साथ एक संपूर्ण जीवनशैली प्रदान की जाती है। यहां प्रीमियम प्लॉट्स और रेडी-टू-मूव हाउस उपलब्ध हैं। वहीं, सुमीत लैंडस्केप प्रोजेक्ट में तीन लाख वर्गफीट क्षेत्र में विकसित सुविधाओं के साथ सुरक्षित जीवनशैली दी जाती है। यह प्रोजेक्ट डीपीएस स्कूल के पास, विधानसभा रोड पर स्थित है और यहां पूरी तरह से विकसित प्लॉट्स उपलब्ध हैं।

क्लासिक ग्रुप का तीसरा प्रोजेक्ट क्लासिक टॉवर्स एक मल्टी-स्टोरी प्रोजेक्ट है जो अमलीडीह में स्थित है। यहां 2 और 3 बीएचके स्पेशियस फ्लैट्स हैं, जिनमें मॉडर्न फैसिलिटी और ऐमिनिटीज मौजूद हैं। इस प्रोजेक्ट का स्ट्रक्चर 100 प्रतिशत पूरा हो चुका है और पजेशन मार्च 2025 तक दिया जाएगा। क्लासिक ग्रुप के सभी प्रोजेक्ट्स थीम-बेस्ड हैं, जिसके कारण इनका लोगों में अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। इस फेस्टिव सीजन में कंपनी ने अपने ग्राहकों को और भी आकर्षित करने के लिए विशेष ऑफर पेश किए हैं, जिससे उन्हें और भी बेहतर सुविधाएं और लाभ मिल सकेंगे।

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र.-12
ग्राम-धमतरी
तहसील व जिला धमतरी

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम धमतरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक रितिक रंगारी पिता स्व. चंद्रशेखर रंगारी जाति महार निवासी दानीटोला वार्ड धमतरी तहसील व जिला धमतरी के द्वारा अपनी माता श्रीमती कौशल रंगारी पति स्व. चंद्रशेखर रंगारी जो कि सहायक ग्रेड-02 पद पर कार्यपालन अभियंता जल प्रबंध संभाग रूद्री कोड नं. 38 धमतरी जिला धमतरी में पदस्थ थे, जिनका आकस्मिक निधन 04/08/2024 को हो चुकी है। आवेदक अपनी माता के मृत्यु उपरांत अनुकंपा नियुक्ति हेतु वारिसान प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को अपनी आपत्ति/उजर दावा पेश करना हो तो वह दिनांक 16/10/2024 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/उजर दावा पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

# शुभम के-मार्ट का नवरात्रि स्पेशल ऑफरः 'बड़ा त्योहार, बड़ी बचत'

रायपुर। शुभम के-मार्ट ने अपने ग्राहकों के लिए इस नवरात्रि के मौके पर 'बड़ा त्योहार, बड़ी बचत' ऑफर पेश किया है। इस ऑफर के तहत ग्राहकों को उनकी पसंदीदा चीजों पर आकर्षक कीमतें, डिस्काउंट्स और शानदार ऑफर्स मिलेंगे, जिससे वे इस त्योहार सीजन में जमकर खरीदारी कर सकते हैं।

फेस्टिव सीजन में शुभम के मार्ट में हर दिन एमआरपी पर 9% से लेकर 90% तक की छूट उपलब्ध है, जिससे उपभोक्ताओं को बड़ी बचत होती है। इसके साथ ही स्टोर में मेंस वियर, लेडीज वियर, गर्ल्स वियर और किड्स वियर में नई वैराइटी भी पेश की गई है। शुभम के मार्ट में इस नवरात्रि स्पेशल ऑफर के तहत प्रीमियम ब्रांडेड साड़ियां 249 रुपए से लेकर 549 रुपए तक की आकर्षक कीमत पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा हैंडलूम में ब्रांडेड बेडशीट, सोफा कवर, कर्टन, और गलीचा जैसी वस्तुएं भी आकर्षक वैराइटी में उपलब्ध हैं। इसके अलावा फेस्टिव और कॉर्पोरेट गिफ्ट्स की रेंज भी उपलब्ध है।

स्टोर संचालकों के अनुसार शुभम के मार्ट में ग्रॉसरी, फूड्स, डेली नीड्स आइटम्स, केयर प्रोडक्ट्स, होम डेकोर, फैशन अपेरल, फुटवियर, हैंडलूम, क्रॉकरी और होम अप्लायंसेस जैसी कई चीजों की खरीदारी लोग किफायती दरों पर करते हैं।

इस त्योहार पर शुभम के मार्ट में उपभोक्ताओं को न सिर्फ बेहतरीन डिस्काउंट्स और ऑफर्स मिलते हैं, बल्कि यहां खरीदारी का अनुभव भी शानदार होता है।

## पीएनबी का दूसरी तिमाही में कर्ज वितरण 13 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में ऋण वितरण 13 प्रतिशत बढ़कर 10.64 लाख करोड़ रुपये हो गया। पीएनबी ने शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। 30 सितंबर, 2023 के अंत तक बैंक का कुल अग्रिम 9.41 लाख करोड़ रुपये था। बैंक ने बताया कि कुल जमा राशि 11.41 प्रतिशत बढ़कर 14.59 लाख करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही के अंत में यह 13.09 लाख करोड़ रुपये थी। बैंक का कुल कारोबार 30 सितंबर, 2023 के अंत के 22.51 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़कर 25.23 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस बीच, निजी क्षेत्र के ऋणदाता यस बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसका ऋण वितरण सितंबर तिमाही में 13 प्रतिशत बढ़कर 2.36 लाख करोड़ रुपये हो गया जबकि एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में यह 2.09 लाख करोड़ रुपये था।

## जुलाई-सितंबर में घरों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। भारत में मकानों तथा कार्यालय स्थलों की ऊंची मांग के दम पर आठ प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर में घरों की बिक्री सालाना आधार पर पांच प्रतिशत और कार्यालय स्थल की कुल मांग 18 प्रतिशत बढ़ी है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने बृहस्पतिवार को एक वेबिनार के जरिये 2024 कैलेंडर वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए अपनी रिपोर्ट 'इंडिया रियल एस्टेट' जारी की। एक साल पहले इसी अवधि में यह 82,612 इकाई थी।

**Chhattisgarh State Skill Development Authority**
Old P.H.Q. Campus, Beside Raj Bhawan, Civil Lines, Raipur, (C.G.)
Tel:0771-4099953, Website: www.cssda.cg.nic.in, E-mail: cssda.cg@gov.in

CSSDA/Assessment Agency/Registration/715 Dated:1/10/2024

छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत मूल्यांकन कार्य हेतु राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (National Council for Vocational Education and Training) से संबद्ध मूल्यांकन एजेंसी से योजनांतर्गत पंजीयन हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करता है :-

ऑनलाईन आवेदन हेतु लिंक-
https://cssda.cg.nic.in/Global/OnlineAssessorDetails.aspx
आवेदन की प्रारंभ तिथि- 04/10/2024
आवेदन समाप्ति तिथि- 18/10/2024

**Chief Executive Officer**
**Chhattisgarh State Skill Development Authority**

S-41643/2

## GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER INDRAWATI PROJECT CIRCLE, JAGDALPUR (CHHATTISGARH)

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(Second Call)**

**System Tender No. 159139/ NIT No.: 02/SAC/24-25 Dated: 01.10.2024**

Online Tenders are invited for the following works up to 18.10.2024 at 17.30 Hours.

**Name of work** - Construction of Sub Divisional Officer Office Building, Residential Building and Boundary Wall at Block Keshkal, District Kondagaon.

**Probable Amount of Contract:** - Rs. 109.43 Lakhs

(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 08.10.2024, at 17.31 Hours.(IST) onwards.

**NOTE :-** All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

**Executive Engineer**
**Water Resources Division, Kondagaon**
**For, Superintending Engineer**
**Indrawati Project Circle, Jagdalpur (C.G.)**

G-242502924/4

## छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

द्वितीय निविदा - ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)

Website - www.cgmsc.gov.in

**ब्लॉक स्तर पर विभिन्न निर्माण कार्य के लिए जोनल अनुबंध हेतु निविदा राशि रू. 95.00 लाख**

Main portal- http://eproc.cgstate.gov.in क्र./ 7713/ निर्माण/2024 दिनांक 01.10.2024

| स.क्र. | नि.आ.सू.क्रं | ब्लॉक का नाम | स.क्र. | नि.आ.सू.क्रं | ब्लॉक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बस्तर संभाग | | | |
| 1 | 10089 | जगदलपुर | 16 | 10104 | अन्तागढ़ |
| 2 | 10090 | बस्तर | 17 | 10105 | दंतेवाड़ा |
| 3 | 10091 | बकावंड | 18 | 10106 | गीदम |
| 4 | 10092 | तोकापाल | 19 | 10107 | कुआकोण्डा |
| 5 | 10093 | बस्तानार | 20 | 10108 | कटेकल्याण |
| 6 | 10094 | लोहांडीगुड़ा | 21 | 10109 | सुकमा |
| 7 | 10095 | दरभा | 22 | 10110 | कोंटा |
| 8 | 10096 | कोण्डागांव | 23 | 10111 | छिन्दगढ |
| 9 | 10097 | फरसगांव | 24 | 10112 | नारायणपुर |
| 10 | 10098 | माकड़ी | 25 | 10113 | ओरछा |
| 11 | 10099 | केशकाल | 26 | 10114 | बीजापुर |
| 12 | 10100 | बड़ेराजपुर | 27 | 10115 | भैरमगढ़ |
| 13 | 10101 | कांकेर | 28 | 10116 | भोपालपट्टनम् |
| 14 | 10102 | चारामा | 29 | 10117 | उसूर |
| 15 | 10103 | दुर्गकोन्दल | | | |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 04/10/2024 से देखी जा सकती है। उपरोक्त कार्यों की निविदा लो.नि.वि (2015) की दर से आमंत्रण की जा रही है, जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 19/10/2024 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

S-41651/1 **अधीक्षण अभियंता**

**बायोकॉन बायोलॉजिक्स ने ऋण का किया पुनर्वित्तपोषण : नई दिल्ली।** बायोकॉन बायोलॉजिक्स ने डॉलर बॉण्ड और नई सामूहिक सुविधा के जरिये 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर (9,347 करोड़ रुपये) के दीर्घकालिक ऋण का पुनर्वित्तपोषण किया है।

## CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED

(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ADDL.C.E (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in

**E-TENDER NOTICE NO.-2989/24**

Online bids are invited by the undersigned through CSPGCL e-bidding system (SAP SRM) for, 2x250DSPM TPS, CSPGCL Korba East.

| S. N. | Tender Specn. No. | Rfx No. (E-Tender No.) | Particulars | Qty | Last Date/Time of submission of bid. | E.M.D. (Rs) | Tender Cost (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 16-06/ DSPM TPS/S&P/CT /T-3070/24 | 8100039586 | Dismantling, re-profiling, reclamation, repairing/ replacement of bearing & reassembling of wagon wheels of BGH wagons as per scope of work" of CT division of DSPM TPS, Korba East | As per Tender Schedule | 22.10.2024 15:30 Hrs. | 14450/- | 590/- |

**NOTES:** -For more details, please visit our website at: –**http://www. cspc.co.in > tenders**. Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

Save Electricity

SUPERINTENDING ENGINEER (Contract)
DSPM TPS, CSPGCL, KORBA, EAST

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

सामग्री प्रबंधक विभाग

ई-टेंडर नोटिस नं. NIT-एन आई टी/14/24/45, तिथिः 24.09.2024

| क्र. सं. | ई-निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | टेंडर बंद/खुलने की तिथि एवं समय | खरीदी मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03242615 | प्राइमरी स्प्रिंग फॉर जनरेटर कार (आउटर) | 03.10.2024 At 10:30 hrs | 600 नग |
| 2 | 03242702 | प्राइमरी स्प्रिंग फॉर एलएचबी नॉन एसी कोचेस | 14.10.2024 At 10:30 hrs | 810 नग |
| 3 | 03242938A | सेट ऑफ हॉज पाइप फॉर बोगी माउन्टेड ब्रेक सिस्टम ऑफ बॉक्सएनएचएल (एमबीएस) वैगन | 14.10.2024 At 10:30 hrs | 2000 सेट |
| 4 | 03241522C | ऐडाप्टर (नारॉव जॉव) क्लास 'ई' (6"x11") | 17.10.2024 At 10:30 hrs | 5000 नग |
| 5 | 03241072 | इंजेक्शन मोल्डेड हाई परफोरमेंस पॉलीपेमाइड एचपीपीए | 21.10.2024 At 10:30 hrs | 662 सेट |
| 6 | 03243415 | कास्ट स्टील बोलस्टर फॉर कसनब-22 एनएलबी बोगी (फॉर मोडीफाइड सेपेरेट टाइप पिवोट) | 21.10.2024 At 10:30 hrs | 48 नग |
| 7 | 04241189 | हार्ड ड्रॉन स्ट्रेण्डर्ड कॉपर कंडक्टर | 21.10.2024 At 10:30 hrs | 6982 के.जी. |
| 8 | 04241885 | बैटरी फॉर एअर कंडीसनिंग 2 वॉल्ट 1100 ए.एच. | 21.10.2024 At 10:30 hrs | 04 सेट |

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरुरी सूचना वेंडर **www.ireps.gov.in** पर देख सकते हैं।

**प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक-।।**
**द.पू.म. रेलवे/बिलासपुर**

सीपीआर/10/274

## कार्यालय, नगर पालिका परिषद जामुल, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

क्र./1333/न.पा.प./2024-25 जामुल, दिनांक 03/10/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/मान्यता प्राप्त संस्था से पी.डब्ल्यू.डी. रोड/भवन एसओआर 01.01.2015 एवं पी.एच.ई. एसओआर 01.06.2020 के आधार पर कम या अधिक प्रतिशत या समान दर पर प्रपत्र "ए" में तीन लिफाफा पद्धति में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | भरे हुए निविदा प्रपत्र निकाय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | 15 वें वित्त आयोग, शिक्षा उपकर मद, अध्यक्ष/पार्षद निधि अंतर्गत (कुल 05 कार्य) | 15.47 | 25/10/2024 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी वेब पोर्टल www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जल ही जीवन है, जल व्यर्थ न बहावें।
करों का भुगतान कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद जामुल

## OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)

**e-Procurement Tender Notice**

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, **C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system)** for the following work :-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|
| **25/SE E/M/2024-2025 (I Call) System Tender No159359 Registered contractor class in "C"** & above For Form "B" (Item Rate Tender) | **Providing annual maintenance and repairing work of 83 NO. Lift Machines Installed at Various Residensial blocks in Sec.-17, Sec.-27, Sec- 29 and Nirman Bhawan, Nawa Raipur (C.G.)** | Rs 181.68 Lacs |

**Note:- last date of bid submission of NIT 21-10-2024**

The tender documents can be downloaded from the web-portal **http://eproc.cgstate.gov.in**. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

**Superintending Engineer**
**P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)**

G-242502922/2

## DIRECTORATE OF TECHNICAL EDUCATION, CHHATTISGARH
## संचालनालय तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़

Indrawati Bhavan, Block - 3, 3rd / 4th Floor, Nawa Raipur, Atal Nagar, Dist Raipur - 492002
इन्द्रावती भवन, ब्लाक-3 तृतीय / चतुर्थ तल, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर-492002
Phone : 0771-2331331, 2221376, Fax: 0771-2253620, Website : http://www.cgdteraipur.ac.in

**// विज्ञापन //**

**छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में B.E./ B.Tech पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली छात्रवृत्ति सत्र 2024-25**

छत्तीसगढ़ शासन, तकनीकी शिक्षा विभाग की अधिसूचना 21 जून 2013 जो राजपत्र में 24 जून 2013 को प्रकाशित किये गये प्रावधानों के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी छात्र-छात्रायें जो अन्य राज्यों में अखिल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IITs) राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NITs) भारतीय विज्ञान-शिक्षा संस्थाओं (IISc) तथा अन्य अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) से मान्यता प्राप्त उच्च तकनीकी संस्थाओं में इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी (B.E./B.Tech.) उपाधि पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए प्रावीण्यता के आधार, 08 नवीन छात्रवृत्ति, राशि रू. 2000/- प्रतिमाह (अक्षरों में- रू. दो हजार मात्र) हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

छात्रवृत्ति के लिए अर्हकारी परीक्षा 12 वीं में कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार ही छात्रवृत्ति के लिए पात्र होगें। अभ्यर्थी का सक्षम अधिकारी से जारी किया गया छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र संचालनालय, तकनीकी शिक्षा, इन्द्रावती भवन, ब्लाक-3, तृतीय / चतुर्थ तल, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला - रायपुर, छत्तीसगढ़ से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है अथवा संचालनालय की वेबसाइट www.cgdteraipur.cgstate.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

आवेदन पत्र के साथ 12 वीं की अंकसूची एवं छत्तीसगढ़ राज्य का स्थानीय निवास प्रमाण पत्र तथा अध्ययनरत संस्था AICTE से मान्यता प्राप्त होने संबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रतियाँ संलग्न करना अनिवार्य है। छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु आवेदन संबंधित संस्था प्रमुख से अनुशंसित कराना अनिवार्य है। आवेदन पत्र संचालनालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 30.10.2024 सायं 5.00 बजे तक है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई दावा/ अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जावेगा।

पात्रतानुसार जिन उम्मीदवारों को संचालनालय तकनीकी शिक्षा, रायपुर द्वारा नवीन छात्रवृत्ति स्वीकृत की जावेगी उन उम्मीदवारों को छात्रवृत्ति की रकम का भुगतान करने हेतु संचालनालय तकनीकी शिक्षा द्वारा वर्ष के अंत में छात्रवृत्ति की रकम संस्था प्रमुख को भेजी जावेगी। संस्था प्रमुख द्वारा निर्धारित शर्ते पूर्ण करने पर छात्र / छात्राओं को छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान किया जावेगा। छात्र / छात्रा को छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त होने पर इस आशय का रसीद प्रस्तुत करना होगा कि उन्हें संचालनालय तकनीकी शिक्षा, नवा रायपुर, अटल नगर द्वारा स्वीकृत की गई छात्रवृत्ति की रकम रूपये 20,000/- संस्था प्रमुख से प्राप्त हो गये हैं। रसीद प्राप्त होने के पश्चात ही अगले वर्ष नवीनीकरण हेतु नियमानुसार छात्रवृत्ति स्वीकृत की जा सकेगी।

जिन छात्रों को पूर्व में किसी वर्ष के लिये संचालनालय तकनीकी शिक्षा द्वारा छात्रवृत्ति स्वीकृत की जा चुकी है, वे छात्र-छात्राएँ भी अगले वर्ष के नवीनीकरण हेतु आवेदन के साथ पिछले वर्ष की उत्तीर्ण अंकसूची तथा संचालनालय द्वारा पूर्व वर्षों में स्वीकृत छात्रवृत्ति की राशि रूपये 20,000/- की रसीद जिसमें यह उल्लेख किया गया हो कि संस्था प्रमुख के माध्यम से छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त हो गई है, संलग्नकर संबंधित संस्था प्रमुख से अनुशंसित कराकर अनिवार्य रूप से आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करें। तद्पश्चात आवेदन पत्र के साथ रसीद प्राप्त होने पर ही नवीनीकरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

छत्तीसगढ़ शासन, तकनीकी शिक्षा विभाग की अधिसूचना 21 जून 2013 जो राजपत्र में 24 जून 2013 को प्रकाशित किये गये प्रावधानों के अनुसार शासन की विशेष मंजूरी के बिना कोई भी छात्र एक समय में एक से अधिक छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं करेगा।

**संचालक**
**तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़**


G-242502935/1

जानकारी

शिखर चंद जैन

बच्चों, किसी पहाड़ की ऊंचाई से नीचे गिरते पानी को जलप्रपात यानी वाटर फॉल कहते हैं। ऊंचे पहाड़ से जब तीव्र आवेग के साथ पानी नीचे गिरता है तो यह दृश्य बहुत ही मनभावन लगता है। यहां हम तुम्हें दुनिया के कुछ ऐसे ही मनोरम जलप्रपातों के बारे में बता रहे हैं।

# ये मनोरम जलप्रपात



## विक्टोरिया फॉल्सः दुनिया के सात प्राकृतिक आश्चर्यों में से एक




जांबिया और जिंबाब्वे देशों की सीमा पर स्थित विक्टोरिया जलप्रपात दुनिया के सात प्राकृतिक आश्चर्यों में से एक है। जेंबेजी नदी का यह 1.7 किमी. चौड़ा जलप्रपात 108 मीटर की ऊंचाई से गिरता है। प्रपात के इर्द-गिर्द बसे जंगल में कई अनूठे जीव-जंतु पाए जाते हैं। बहुत ऊंचाई से नदी का पानी गिरते समय इसकी बूंदें धुएं जैसी लगती हैं, जो बहुत खूबसूरत दिखती हैं। *

## नियाग्रा फॉल्सः तीन जलप्रपातों का समूह



**न्यूयॉर्क (अमेरिका)** और कनाडा की सीमा पर स्थित नियाग्रा फॉल्स वास्तव में तीन जलप्रपातों का समूह है- अमेरिकन फॉल्स, ब्राईडल वेल फॉल्स और हॉर्सशू फॉल्स। न्यूयॉर्क की इलेक्ट्रिक पावर का 10 फीसदी नियाग्रा फॉल्स से ही उत्पादन होता है। विशेषज्ञों के अनुसार यह जलप्रपात करीब 12,000 साल पुराना है। 1847 में यह एक बार पूरी तरह जम भी गया था, तब लोगों ने इस पर पैदल चलने का आनंद उठाया था। इसे देखने के लिए यहां हर साल करीब डेढ़ करोड़ पर्यटक आते हैं। *

## एंजेल फॉल्सः दुनिया का सबसे ऊंचा जलप्रपात



**दुनिया के** सबसे ऊंचे जलप्रपात एंजेल फॉल्स की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसका पानी हवा में ही गुम हो जाता है। वेनेजुएला में स्थित यह प्रपात 979 मीटर ऊंचा है। यहां की चुरुम नदी से बना एंजेल फॉल्स नियाग्रा से 15 गुना ज्यादा ऊंचा है। बहुत ही ऊंचाई से गिरने की वजह से ही इसका काफी पानी तेज चलने वाली हवाओं के कारण सूक्ष्म बूंदों में तब्दील होकर हवा में ही गायब हो जाता है। *

## इगुआजू फॉल्सः दुनिया का चौथा सर्वोत्तम-मनमोहक जलप्रपात

ब्राजील और अर्जेंटीना देशों की सीमा पर स्थित यह जलप्रपात अपनी खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध है। इसकी ऊंचाई से ज्यादा इसका प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को आकर्षित करता है। भले ही यह मात्र 89 मीटर ऊंचा है, पर इसे दुनिया के चौथे सर्वोत्तम और मनमोहक जलप्रपात का दर्जा दिया गया है। यह जलप्रपात 'यू' के आकार के एक चट्टान से गिरता है। लोग इसे 'डेविल्स थ्रोट' भी कहते हैं। इसकी एक और खास बात यह है कि इसमें इगुआजू नदी से निकलने वाले 275 से भी अधिक जलप्रपात मिले हुए हैं। *

## अपसाइड डाउन फॉल्सः नजर आता है नीचे से ऊपर जाता पानी



**हवाई द्वीप** के कोनाहुआनुई पहाड़ से गिरने वाले इस प्रपात को देखकर लोग दांतों तले अंगुली दबा लेते हैं। बच्चों, इसके नाम से ही तुम्हें इसकी खासियत का अंदाजा लग गया होगा। दरअसल, इस प्रपात में पानी ऊपर से नीचे की ओर नहीं बल्कि नीचे से ऊपर की ओर जाता नजर आता है। इसकी वजह यह है कि जब नदी का पानी नीचे की ओर आता है तो मध्यभाग में चलने वाली तेज हवाएं इसका रुख ऊपर की ओर मोड़ देती हैं। *

## नाची फॉल्सः जापान का सबसे बड़ा जलप्रपात



**एशिया के** सबसे प्रसिद्ध जलप्रपातों में से एक है नाची जलप्रपात। जापान के नाची पहाड़ से गिरने वाला यह प्रपात 48 अन्य जल प्रपातों का एक हिस्सा है। 400 फुट की ऊंचाई से गिरने वाला नाची फॉल्स, जापान का सबसे बड़ा जलप्रपात है। *

## भारत के सुप्रसिद्ध जलप्रपात

**बच्चों, दुनिया** के अलग-अलग देशों में स्थित मशहूर जलप्रपातों के बारे में जानने के बाद अब अपने देश भारत के कुछ प्रसिद्ध, मनोरम जलप्रपातों के बारे में भी जानो-



**दूधसागर प्रपात:** गोआ और कर्नाटक की सीमा पर स्थित यह जल प्रपात भारत में सबसे ऊंचा माना जाता है। यहां पर्यटक आराम से तैर भी सकते हैं। 600 मीटर की ऊंचाई से गिरने वाला यह प्रपात घने जंगल के बीच है, जो पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है।

**कुत्रालाम जल प्रपात:** यह जल प्रपात तमिलनाडु में मदुरै से 160 किमी. की दूरी पर स्थित है। यह नौ जल प्रपातों से बना है। यह जलप्रपात दक्षिण भारत में 'स्पा' के नाम से भी मशहूर है। यहां औषधीय महत्व वाली जड़ी-बूटियों और वनस्पति की भरमार है।

**मुथिया लामा ड्रुबु प्रपात:** पर्ल वैली के नाम से विख्यात कर्नाटक में बैंगलुरु से 5 किमी. दूर स्थित यह एक मशहूर पिकनिक स्पॉट है। यहां 92 मीटर की ऊंचाई से गिरने वाला झरना आस-पास की चट्टानों पर मोती जैसी बूंदें उत्पन्न करता है, इसलिए इसे पर्ल वैली भी कहते हैं।



**चित्रकूट प्रपात:** भारत का सबसे बड़ा जल प्रपात चित्रकूट छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के जगदलपुर से 38 किमी. पश्चिम की ओर स्थित है। यहां 100 मीटर की ऊंचाई से गिरने वाला पानी धुआं-सा लगता है। इंद्रावती नदी का यह प्रपात भारत के नियाग्रा के नाम से जाना जाता है। सूर्यास्त के वक्त नदी के पानी का रंग लालिमा से भर उठता है, जो पर्यटकों के मन को मोह लेता है। नीचे प्रपात के पानी में लोग नौकायन का भी आनंद उठाते हैं।

## जीके क्विज-123

1. हाल ही में केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री कौन बनी हैं?
2. देश के नए वायु सेना प्रमुख कौन बने हैं?
3. पिछले दिनों पहले अंतरराष्ट्रीय सौर महोत्सव का आयोजन कहां किया गया?
4. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक किसकी रचना है?
5. शाहजहां किस मुगल शासक का पुत्र था?
6. उत्तराखंड की राजधानी का क्या नाम है?
7. भारत में कितनी भाषाओं को संवैधानिक दर्जा प्राप्त है?
8. इसरो का मुख्यालय (हेड क्वार्टर) कहां स्थित है?
9. किस एथलीट को ' फ्लाइंग सिख ऑफ इंडिया' नाम से जाना जाता था?
10. 'ब्लू सिटी' के नाम से भारत के किस शहर को जाना जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-123 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-122 का उत्तर :** 1.गोपाल कृष्ण गोखले, 2.दूसरा, 3.महात्मा गांधी, 4.लाल बहादुर शास्त्री, 5.भगत सिंह, 6.किप्र स्टार्मर, 7.कोझिकोड, 8.जय शाह, 9.हैदराबाद-सिकंदराबाद, 10.राज्य सभा

**जीके क्विज-122 का सही उत्तर देने वाले :** चेतन-बालोद, सुधांशु-बिलासपुर, विष्णु-महेंद्रगढ़, गिरधर-ईमेल से, कबीर-हिसार, ओम प्रकाश-मानपुर, स्नेह लता-ईमेल से, वंशिका-भानपुरी, लविश-महासमुंद, तुलसी-भानपुरी, बी आकांक्षा-अहमदाबाद, बी ईशान-अहमदाबाद, दिव्यांका-रायपुर

## हंसगुल्ले

**कंप्यूटर टीचर:** कंप्यूटर चलाने के लिए सबसे पहले सही ढंग से माउस पकड़ना आना चाहिए।
**पिंटू :** लेकिन सर, माउस को तो बिल्लियां पकड़ती हैं। -रितेश, बिलासपुर

**मैथ्स टीचर:** दो समानांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती है?
**रोहन :** सर, क्योंकि उनके दांत नहीं होते। -दीपक, धमतरी



**टीचर :** कल मैं सूरज पर लेक्चर दूंगी, तुम लोग क्लास मिस मत करना।
**पिंटू :** लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैम।
**टीचर :** क्यों?
**पिंटू :** मैम, मेरी मम्मी मुझे इतनी दूर नहीं जाने देंगी। -अवनीश, रोहतक

**टीचर (सोनू से) :** आज तुम देर से आने के लिए कौन-सा बहाना बनाकर आए हो?
**सोनू :** सर, इतनी तेज भागता हुआ आया हूं कि बहाना बनाने का टाइम ही नहीं मिला। -मिष्टी, भोपाल

कहानी

पवन कुमार वर्मा

रघु के खेत के अंगूर पक गए तो वह इन्हें बेचने निकला। पहले दिन उसने रेलवे स्टेशन के सामने अंगूर का ठेला लगाया। लेकिन उसके अंगूर नहीं बिके। लोग भाव पूछकर, दो-चार अंगूर खाकर चलते बनते। अगले दिन रघु ने अपनी पत्नी की सलाह पर जिस जगह अंगूर का ठेला लगाया, वहां देखते-देखते सारे अंगूर बिक गए। आखिर ऐसा कैसे हो गया?

# रघु के अंगूर




रघु ने अपने खेत में अंगूर के पेड़ लगा रखे थे। आस-पास के लोग रघु के अंगूर पर नजर गड़ाए हुए थे, कब पकें और वे मीठे अंगूर खाएं। इसी कारण रघु को अंगूर की रखवाली के लिए पूरी रात खेत में ही गुजारनी पड़ती थी। एक दिन वह भी आ गया, जब अंगूर पक कर बाजार में जाने को तैयार हो गए। रघु ने अपनी समझ के अनुसार अंगूर के गुच्छों को ठेले पर सजाया और बेचने के लिए निकल पड़ा। रघु समझ नहीं पा रहा था कि ठेले को कहां लगाए? वह ऐसी जगह अपना ठेला लगाना चाहता था, जहां से अंगूर झट-पट बिक जाएं। थोड़ा सोचने के बाद रघु को लगा कि उसे अपना ठेला रेलवे स्टेशन के सामने लगाना चाहिए। रेलगाड़ी से उतरने वाले बहुत से लोग अपने घर आते-जाते हैं। ऐसे में वे अपने घर वालों के लिए कुछ न कुछ खरीदते भी हैं। हो सकता है, उसके अंगूर भी खरीदें। यह सोचकर उसने अपना ठेला रेलवे-स्टेशन की ओर बढ़ा दिया।

'आओ भैया... लेकर जाओ रघु के मीठे अंगूर!' रघु जोर-जोर से आवाज देकर अपने अंगूर बेचने की कोशिश कर रहा था। तभी एक साहब ठेले के पास आए, अंगूर के चार दाने खाए और फिर रघु से पूछा, 'कैसे दिए भाई अंगूर?'

जैसे ही रघु ने अंगूर की कीमत बताई, वह नाक-भौंह सिकोड़ते हुए बोले, 'दाम बहुत ज्यादा हैं! और हां! अंगूर भी खट्टे हैं!' यह कहकर वह आगे बढ़ गए। वह साहब वहां से आगे बढ़े। एक समोसे-पकौड़े की दुकान पर रुके। वहां रखे समोसे खाए। समोसे भी ऐसे, जिसका स्वाद उड़ती हुई धूल और मक्खियां भी ले रही थीं। फिर बिना किसी मोल-भाव के पैसे चुकाए और चले गए।

पूरे दिन रघु के ठेले पर आने वाले लोग ऐसे ही थे। उसके ठेले पर आते, पहले तो अंगूर के दो-चार दाने खाते फिर अंगूर के दाम पूछते, अंगूर के खट्टे होने की बात कहते और आगे निकल जाते। 'ऐसे तो मेरी पूरी मेहनत बेकार चली जाएगी! लोग मुफ्त में अंगूर खाकर आगे बढ़ जाते हैं!' रघु बुदबुदाते हुए वहां से वापस घर की ओर चल पड़ा।

'कैसी रही अंगूर की बिक्री?' घर पहुंचते ही रघु की पत्नी ने उससे पूछा। उसने सारी बात पत्नी को बताई। सुनकर वह उदास हो गई।

'तब तो कल तुम्हें अपना ठेला कहीं और लगाना चाहिए!' पत्नी बोली।

'लेकिन कहां?' हर जगह तो ऐसा ही होगा! मैं झूठे ही इतनी मेहनत करता हूं! मुझे भी समोसे-पकौड़े की दुकान खोलनी चाहिए! लोग वहां कुछ नहीं देखते-पूछते! पूरे पैसे भी देते हैं।' रघु गुस्से में बोला।

'तभी बीमार भी पड़ते हैं!' रघु की पत्नी बोली।

'उसकी कौन चिंता करता है? जब अस्पताल जाते हैं, तब पता चलता है कि फल खाना क्यों जरूरी है?' रघु को आज बहुत गुस्सा आ रहा था।

'तब तो तुम्हें अपना ठेला अस्पताल के पास ही लगाना चाहिए! देखना! कल तुम खाली हाथ नहीं लौटोगे।' रघु की पत्नी हंसते हुए बोली।

'अरे! रहने दो! वहां भी यही होगा!' रघु उदास मन से बोला।

'तुम एक बार वहां जाकर तो देखो!' रघु की पत्नी ने उसका उत्साह बढ़ाया। थोड़ी ना-नुकुर के बाद रघु इसके लिए तैयार हो गया।

अगले दिन रघु अपना ठेला लेकर अस्पताल के सामने पहुंच गया। अभी वह अपना ठेला ठीक से लगा भी नहीं पाया था कि लोग उसके ठेले के सामने इकट्ठा होने लगे।

'कैसे दिए भाई अंगूर?' लोगों ने पूछा। उसके अंगूर धड़ा-धड़ बिकने लगे। एक बार तो रघु भी चौंक गया।

इतने में उसे वही साहब दिखाई पड़े, जो उसके अंगूर को खट्टा बताकर समोसे-पकौड़े की दुकान पर चले गए थे।

'अरे! तुम तो वही हो, जिसने कल स्टेशन पर अपना ठेला लगाया था!' उन्होंने रघु से कहा।

'जी! बस कल ही लगाया था! आप भी मेरे अंगूर खट्टे बताकर चले गए थे।' रघु मुस्कुराते हुए बोला। 'वहीं तो धोखा हो गया! अब इस अस्पताल में इलाज करा रहा हूं। डॉक्टर ने तेल-घी, पूड़ी-परांठे, समोसे-पकौड़े खाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब तो फल ही खाना है। ...और हां! कल तुम्हारे अंगूर मीठे थे। मैंने तो समोसे की लालच में इन्हें खट्टा कह दिया था।' वह मुस्कुराते हुए रघु से बोले। देखते ही देखते रघु के सारे अंगूर बिक गए। 'काश! लोग स्वाद के चक्कर में उल्टी-सीधी और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक चीजें खाने के बजाय ऐसे ही स्वास्थ्यवर्धक फल खाते, तो फिर उन्हें अस्पताल आने की जरूरत ही क्यों पड़ती?' सारे अंगूर बिक जाने के बाद रघु बुदबुदाते हुए तेज चाल से घर की ओर चल पड़ा। उसे अगले दिन फिर आने की तैयारी भी तो करनी थी। *

कविता

इंद्रजीत कौशिक




## पूरी खस्ता

मुझे खिला दो पूरी खस्ता
बंटी बोला, फेंक के बस्ता।
गिनकर खाऊंगा मैं चार
साथ में देना मुझे अचार।
मत करना अब आना-कानी
प्यार मुझे करती तुम नानी।
फिर सुनाना कोई कहानी
जिसमें न हो राजा-रानी।
जी भर कर पूरी खाऊंगा
उनकी गोद में सो जाऊंगा।
फिर आएंगे मीठे सपने
जिसमें मुझे मिलेंगे अपने।
हम करते पूरी से प्यार
खाकर के देखो एक बार।
कोई नहीं पूरी का सानी
सही कहा न मैंने नानी?

## अंतर बताओ


बच्चों, यहां गिल्लू गिलहरी के दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों ही चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें पांच अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये पांच अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट ये पांच अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1. गिल्लू की एक आंख बंद है। 2.उसके मुंह और नाक पर सफेद रंग का स्पॉट है। 3.उसके हाथ में पकड़े कैन से स्प्रे नहीं निकल रहा है। 4.उसकी पूंछ ऊपर की तरफ घूमी हुई है। 5. गिल्लू का बायां पैर पूरी तरह जमीन पर टिका है।


## जो अलग है, उसे पहचानो

बच्चों, यहां तीन पंक्तियों में बैठे चार-चार मंकीज की फोटो दी गई है। हर पंक्ति में तीन मंकी बिल्कुल एक जैसे हैं, जबकि एक अलग है। तुमको हर पंक्ति में बाकियों से अलग उस मंकी को पहचानना है।



## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बाईं तरफ डाल पर बैठे एक उल्लू का चित्र दिया गया है। दाईं तरफ चार परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ कि उल्लू के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर: 3

# मेसी ने जीती 46वीं ट्रॉफी, इंटर मियामी बनी सपोर्टर्स शील्ड चैंपियन

एजेंसी ▸▸ कोलंबस

इंटर मियामी ने गत चैंपियन कोलंबस क्रू को 3-2 से हराकर मेजर लीग सॉकर सपोर्टर्स शील्ड जीत ली। लियोनल मेसी ने पहले हाफ के अंतिम लम्हों में दो गोल दागे जबकि गोलकीपर ड्रेक कैलेंडर ने 84वें मिनट में पेनल्टी किक रोककर टीम की जीत सुनिश्चित की। नियमित सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम को सपोर्टर्स शील्ड दी जाती है।

मेसी की यह 46वीं ट्रॉफी है जो उन्होंने अपने क्लब या देश के लिए जीती है। उन्होंने पुरुष फुटबॉल के इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ी के अपने रिकॉर्ड को और बेहतर किया। बुधवार की जीत के बाद इंटर मियामी के लीग सत्र में 20 जीत, चार हार और आठ ड्रॉ से 68 अंक रहे। अपने अंतिम दो मैच जीतकर इंटर मियामी की टीम कुल अंकों को 74 तक पहुंचा सकती है जो नया रिकॉर्ड होगा। कोलंबस की टीम के 31 मैच में 57 अंक हैं और वह अपने तीनों मैच जीतकर भी इंटर मियामी की बराबरी नहीं कर सकती।

## दो मैच पहले हुआ फैसला इंटर के 32 मैचों में 68 अंक



## अर्जेंटीना की टीम में मेसी की वापसी

**ब्यूनस आयर्स।** स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनल मेसी की वेनेजुएला और बोलीविया के खिलाफ होने वाले दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग मैचों के लिए अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है। सैंतीस वर्षीय मेसी टखने की चोट के कारण हाल ही में हुए मुकाबलों से बाहर रहे थे। अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कालोनी ने 10 अक्टूबर को वेनेजुएला और उसके पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में बोलीविया से होने वाले मैचों के लिए बुधवार को टीम की घोषणा की। टीम : गोलकीपरः वाल्टर बेनिटेज, गेरोनिमो रूली, जुआन मुसो। डिफेंडरः गोंजालो मोंटिएल, नाहुएल मोलिना, क्रिस्टियन रोमेरो, जर्मन पेजेला, मार्कोस एक्यूना, लियोनार्डो बालेरडी, निकोलस ओटामेंडी, लिसांड्रो मार्टिनेज, निकोलस टैग्लियाफिको। मिडफील्डरः लिएंड्रो पेरेडेस, एलेक्सिस मैक एलिस्टर, एंजो फर्नांडीज, जियोवानी लो सेल्सो, निकोलस पैज, एक्सेक्विएल पेलासियोस, रोड्रिगो डि पॉल, वैलेंटिन कार्बोनी। स्ट्राइकरः थियागो अल्माडा, लियोनल मेस्सी, निकोलस गोंजालेज, एलेजांद्रो गर्नाचो, जूलियन अल्वारेज, पाउलो डायबाला, लोटारो मार्टिनेज।

## चैंपियंस लीग में लिली से हारा रियल मैड्रिड

**मैड्रिड।** काइलियान एमबापे स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे लेकिन गत चैंपियन रियल मैड्रिड को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लिली के खिलाफ 0-1 की हार से नहीं बचा पाए। पैर की मांसपेशियों में मामूली चोट के बाद एमबापे को स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतारा गया। लिली के लिए मैच का एकमात्र गोल कनाडा स्ट्राइकर जोनाथन डेविड ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर दागा।



### 2-0 से जीता लिवरपूल

लिवरपूल ने मिडफील्डर एलेक्सिस मैक एलिस्टर और दिग्गज फारवर्ड मोहम्मद सालाह के गोल से बोलोग्ना को 2-0 से हराया। इस बीच स्थानापन्न खिलाड़ी जॉन डुरान ने अंतिम लम्हों में गोल करके एस्टन विला को बायर्न म्यूनिख पर 1-0 से जीत दिलाई। यूवेंटस ने लेपजिग को 3-2 से हराया जबकि बेनेफिका ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से रौंदा। इटली की टीम अटलांटा ने यूक्रेन के शाख्तर पर 3-0 से जीत दर्ज की जबकि नीदरलैंड के क्लब फेयेनोर्ड ने गिरोना पर 3-2 से जीत हासिल की।

## खबर संक्षेप



### अली भारतीय फुटबॉल के लिए अहम खिलाड़ी

**मुंबई।** पूर्व कप्तान सुनील छेत्री ने गुरुवार को सेंटर बैक अनवर अली को भारतीय फुटबॉल के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी करार दिया जबकि खिलाड़ियों को जितना संभव हो विवादों से उतना दूर रहने के लिए कहा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने सितंबर की शुरुआत में अनवर पर चार महीने का प्रतिबंध लगाया था। महासंघ ने अनवर को मोहन बागान के साथ अपने अनुबंध को अनुचित तरीके से समाप्त करने और अपने मूल क्लब दिल्ली एफसी में वापस लौटने के बाद ईस्ट बंगाल के साथ एक नया करार करने का 'दोषी' ठहराया था।

### महिला लीग हॉकी के लिए होगी 'गेम चेंजर'

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने हॉकी इंडिया लीग में महिलाओं के लिए अलग स्पर्धा शुरू करने के हॉकी इंडिया के फैसले की प्रशंसा करते हुए इसे देश में खेल के लिए 'गेम चेंजर' बताया। टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार हॉकी इंडिया लीग में पुरुषों के साथ महिला टीमें भी भाग लेंगी।दिसंबर के आखिरी सप्ताह से फरवरी 2025 तक चलने वाली एफआईएच से मान्यता प्राप्त इस लीग में पुरुष वर्ग में आठ और महिला वर्ग में छह टीमें भाग लेंगी।




### पाकिस्तान के पतन के लिए पीसीबी दोषी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व सलामी बल्लेबाज मुदस्सर नजर ने सीनियर खिलाड़ियों बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी के बीच बढ़ते तनाव के लिए पीसीबी को दोषी ठहराते हुए कहा कि बोर्ड को कप्तान का साथ देना चाहिए। बाबर ने पाकिस्तान की कप्तानी से बुधवार को दूसरी बार इस्तीफा दे दिया। इससे पहले उन्होंने 2023 वनडे विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद कप्तानी छोड़ी थी जब शाहीन को सीमित ओवरों के प्रारूप में कप्तान बनाया गया था। पीसीबी ने इस साल मार्च मे फिर बाबर को सीमित ओवरों का कप्तान बनाया।



### ईश्वरन के शतक से शेष भारत का स्कोर 286/4

**लखनऊ।** फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन ने लगातार तीसरा शतक जड़कर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इससे शेष भारत ने गुरुवार को यहां ईरानी कप में मुंबई के 537 रन के विशाल स्कोर के जवाब में स्टंप तक चार विकेट पर 286 रन बना लिए। इकाना क्रिकेट स्टेडियम में मैच के तीसरे दिन ईश्वरन ने 212 गेंद में नाबाद 151 रन बना लिए हैं जिसमें 12 चौके और एक छक्का शामिल है। ईश्वरन के ईरानी कप में दूसरे शतक की बदौलत चार विकेट पर 289 बना चुकी शेष भारत अभी 248 रन से पिछड़ रही है।



## महिला टी20 विश्व कप

### मोनी ने 15 रन देकर झटके दो विकेट

# बांग्लादेश का जीत से आगाज स्कॉटलैंड को 16 रन से हराया

एजेंसी ▸▸ शारजाह

बांग्लादेश ने महिला टी20 विश्व कप में अपने अभियान का आगाज गुरुवार को यहां स्कॉटलैंड पर 16 रन की जीत के साथ किया। टी20 विश्व कप के इस शुरुआती मुकाबले में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 119 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को सात विकेट पर 103 रन पर रोक दिया। बांग्लादेश के लिए शोभना मोस्तरी ने 38 गेंदों में 36 रन और सलामी बल्लेबाज शाति रानी ने 29 रन बनाए। कप्तान निगार सुल्ताना ने 18 गेंद में 18 रन का योगदान दिया जबकि फाहिमा खातून पांच गेंदों में 10 रन बनाकर नाबाद रहीं।

दाएं हाथ की स्पिनर सास्किया हॉर्ले ने दो ओवरों में 13 रन पर तीन विकेट लेकर स्कॉटलैंड की सबसे सफल गेंदबाज रहीं। उन्हें कैथरिन ब्राइस (23 रन पर एक विकेट), ओलिविया बेल (23 रन पर एक विकेट) और कैथरिन फ्रेजर (23 रन पर एक विकेट)



### ब्राइस की पारी बेकार

लक्ष्य का पीछा करते हुए स्कॉटलैंड की सलामी बल्लेबाज साराह ब्राइस ने एक छोर संभाले रखा और 52 गेंदों में 49 रनों की नाबाद पारी खेली। इस विकेटकीपर बल्लेबाज को हालांकि दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। साराह के अलावा कप्तान कैथरिन ब्राइस (11) और प्रियानाज चटर्जी (11) की दहाई के आंकड़े में रन बना पाई। बाएं हाथ की मध्यम गति की गेंदबाज रितू मोनी बांग्लादेश की सबसे सफल गेंदबाज रही। मोनी ने चार ओवर में 15 रन देकर दो विकेट लिए। मारुफा अख्तर, नाहिदा अख्तर, फाहिमा खातून और राबेया खान को एक-एक सफलता मिली।

### आईसीसी ने लांच किया एआई टूल



**शारजाह।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने महिला टी20 विश्व कप में 'क्रिकेट समुदाय को विषाक्त सामग्री से बचाने' और खिलाड़ियों तथा प्रशंसकों के लिए एक सुरक्षित और समावेशी ऑनलाइन वातावरण बनाने के लिए एक 'सोशल मीडिया मॉडरेशन' टूल शुरू किया। 'गो बबल' के सहयोग से यह कृत्रिम मेधा (एआई) संचालित टूल आधिकारिक और खिलाड़ियों के सोशल मीडिया चैनलों पर अभद्र भाषा और उत्पीड़न जैसी विषाक्त सामग्री की निगरानी करता है जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करना और सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देना है।

## चीन ओपन

# गॉफ का सेमीफाइनल में बडोसा से होगा मुकाबला



एजेंसी ▸▸ बीजिंग

छठी रैंकिंग की खिलाड़ी कोको गॉफ ने यूक्रेन की क्वालीफायर खिलाड़ी यूलिया स्टारोडुबत्सेवा के खिलाफ पहले सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी करते हुए गुरुवार को यहां जीत के साथ चीन ओपन के सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

गॉफ ने विश्व रैंकिंग में 115वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी को 2-6, 6-2, 6-2 से हराया। गॉफ अंतिम चार में स्पेन की 19वीं रैंकिंग वाली खिलाड़ी पाउला बाडोसा से भिड़ेंगी। बडोसा ने क्वार्टर फाइनल में स्थानीय दावेदार झांग शुआई को 6-1, 7-6 (4) से शिकस्त दी। शंघाई मास्टर्स टूर्नामेंट में इटली के माटेओ बेरेटिनी ने पहले दौर में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी क्रिस्टोफर ओकॉनेल को दो घंटे और 13 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 7-6, (9) 7-6 (6) से पराजित किया। विंबलडन के पूर्व उपविजेता बेरेटिनी का सामना अगले दौर में 14वें स्थान पर काबिज होल्गर रूने से होगा। पहले दौर के अन्य मुकाबलों में मार्कोस गिरोन, डेविड गोफिन, जैम मुनार, झोउ यी, जैकब मेनसिक और मिओमिर केकमैनोविच ने जीत दर्ज की।

### साद और श्रुति ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**मुंबई।** पुणे की शीर्ष वरीय साद धर्माधिकारी ने श्री नंदू नाटेकर मेमोरियल महाराष्ट्र राज्य सीनियर इंटर जिला और राज्य बैडमिंटन चैंपियनशिप में कोल्हापुर की प्रेरणा अल्वेकर की कड़ी चुनौती समाप्त कर महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष एकल के राउंड 32 मैच में पुणे के शीर्ष वरीय वरूण कपूर ने रोहित बोराडे को 21-8, 21-17 से जबकि दूसरे वरीय यश शाह ने शुभम पाल को 21-17, 21-7 से हराकर प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। साद धर्माधिकारी ने प्रेरणा को 18-21, 21-12, 21-12 से हराकर अंतिम आठ में स्थान पक्का किया।

## क्रिकेट

# अफ्रीका ने आयरलैंड को 139 रन से हराया



एजेंसी ▸▸ अबु धाबी

मार्क एडेयर ने आयरलैंड के लिए चार विकेट चटकाए लेकिन इसके बावजूद टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां 139 रन से हार का सामना करना पड़ा।

दक्षिण अफ्रीका ने सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन (91 रन) और ट्रिस्टन स्टब्स (79) के अर्धशतक से नौ विकेट पर 271 रन का स्कोर खड़ा किया। रिकेल्टन और स्टब्स ने चौथे विकेट के लिए 152 रन की साझेदारी की और दक्षिण अफ्रीका को शुरुआती झटकों से उबारा। लिजाड विलियम्स (चार विकेट) ने आयरलैंड के शीर्ष क्रम को ध्वस्त किया और आठ ओवर के शुरुआती स्पैल में तीन विकेट चटकाए। आयरलैंड ने शुरुआती 15 ओवर में ही पांच विकेट गंवा दिए। विलियम्स के कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के अलावा लुंगी एनगिडी और ब्योर्न फोर्टुइन ने भी दो-दो विकेट हासिल किए जिससे आयरलैंड की टीम 31.5 ओवर में 132 रन पर आउट हो गई। आयरलैंड के लिए जॉर्ज डॉकरेल 32 गेंद में 21 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

### वेस्टइंडीज ने पहली बार दिए बहुवर्षीय अनुबंध



**सेंट जोन्स।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने पहली बार वेस्टइंडीज के नौ पुरुष और महिला क्रिकेटरों को अगले दो वर्ष के लिए बहु वर्षीय अनुबंध दिए।

**अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची** : बहु वर्षीय अनुबंध, पुरुषः शाई होप, अल्जारी जोसेफ, शमार जोसेफ, ब्रेंडन किंग, गुडाकेश मोती और जेडन सील्स। **बहु वर्षीय अनुबंध, महिलाः** शेमाइन कैंपबेल, हेली मैथ्यूज और स्टेफनी टेलर। एक वर्षीय अनुबंध, पुरुषः एलिक अथानाजे, क्रेग ब्रेथवेट, केसी कार्टी, रोस्टन चेज, जोशुआ डा सिल्वा, केवेम हॉज, अकील हुसैन, रोमारियो शेफर्ड, रोवमैन पॉवेल। एक वर्षीय अनुबंध, महिलाः आलिया एलेन, शमिलिया कॉनेल, डिएंड्रा डॉटिन, एफी फ्लेचर, चेरी आन फ्रेजर, चिनेल हेनरी, जेइदा जेम्स, कियाना जोसेफ, अश्मिनी मुनिसर, चेडियन नेशन, करिश्मा रामहरक और रशदा विलियम्स।

## विश्व चैंपियनशिप

### वंशिक के नाम दो स्वर्ण सहित 4 पदक

*मुंबई। वंशिक ने विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप में पुरुष एकल का स्वर्ण पदक हासिल किया जिससे भारत का बाली चरण में अभियान दो स्वर्ण और इतने ही रजत पदक के साथ समाप्त हुआ। खास बात है कि भारत के इन चारों पदक में वंशिक का योगदान रहा। उन्होंने पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद ईशा लखानी के साथ मिलकर 35 से अधिक उम्र के युगल वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। वंशिक ने इसके साथ ही तेजस के साथ पुरुष युगल और वृषाली के साथ मिश्रित युगल में रजत पदक जीत कर अपने अभियान को यादगार बनाया। स्वर्ण पदक विजेता ईशा और वंशिक ने कहा, 'ऐसे प्रतिष्ठित आयोजन में स्वर्ण पदक जीतना सपने के सच होने जैसा है।'*



## आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप

# खुशी को कांस्य, भारत के पदकों की संख्या हुई 15

एजेंसी ▸▸ लीमा

भारत की युवा निशानेबाज खुशी ने यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप की महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। बुधवार को खुशी के इस पदक के साथ प्रतियोगिता में भारत के कुल पदकों की संख्या 15 हो गई है जिसमें 10 स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं।

भारत की युवा निशानेबाज ने फाइनल में 447.3 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। नॉर्वे की सिनोव बर्ग (458.4 अंक) ने स्वर्ण जबकि उनकी हमवतन कैरोलिन लुंड (458.3 अंक) ने रजत पदक जीता। खुशी की पदक जीतने की राह हालांकि आसान नहीं रही। उन्होंने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्वालीफाइंग दौर में 585 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई।



खुशी के अलावा चार और खिलाड़ियों ने 585 अंक जुटाए थे और अंततः भारतीय निशानेबाज के अलावा इटली की अन्ना शियावोन ने फाइनल में प्रवेश किया। खुशी और शियावोन ने 10 अंक के अंदरूनी हिस्से में 29 जबकि स्विट्जरलैंड की निशानेबाजों एलेक्स टेला और एमेली जेइगी ने 27 निशाने लगाए। काउंटबैक में खुशी ने शियावोव को पछाड़ा।

## न्यूजीलैंड महिला टीम के खिलाफ मुकाबला आज शाम 7.30 बजे

# भारत को शीर्ष खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी ▸▸ दुबई

भारत शुक्रवार को यहां महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के अपने शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा तो सीनियर स्टार खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की दरकार होगी क्योंकि टीम अतीत में बेहद करीब पहुंचकर चूकने की यादों से उबरने के लिए सकारात्मक शुरुआत के लक्ष्य के साथ उतरेगी।

गुड़बतः अपना आखिरी टी20 विश्व कप खेल रही कप्तान हरमनप्रीत कौर कई बार खिताब के करीब पहुंचकर चूकने और निराशाजनक क्षणों की गवाह रही हैं। अतीत की तरह यह भारतीय टीम भी



प्रतिभा से भरपूर है और संभवतः केवल ऑस्ट्रेलिया के पास ही इतनी अच्छी टीम है। लेकिन मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के पास छह टी20 विश्व कप खिताब हैं जबकि भारत को पहले खिताब का इंतजार है। भारत के लिए जीत के साथ आगाज करना महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इस ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और पाकिस्तान भी हैं। भारत को अपने शीर्ष खिलाड़ियों 35 वर्षीय हरमनप्रीत, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा से महत्वपूर्ण योगदान की उम्मीद होगी। टीम में सिर्फ तीन तेज गेंदबाज रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और अरुंधति रेड्डी हैं। पूरी संभावना है कि भारत सिर्फ दो तेज गेंदबाजों को खिलाएगा और स्पिनरों पर अधिक निर्भर रहना होगा। भारत के पास स्पिन विभाग में असाधारण विविधता है। आक्रमण की कमान ऑफ स्पिनर दीप्ति और श्रेयंका पाटिल, लेग स्पिनर आशा शोभना और बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव के कंधों पर होगी।

### अनुभवी और युवा टीम देगी चुनौती

*न्यूजीलैंड की टीम में भी अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है जिससे टीम का दावा मजबूत है। करिश्माई कप्तान सोफी डिवाइन, अनुभवी ऑलराउंडर सूजी बेट्स और अनुभवी तेज गेंदबाज ली ताहुहू और लेघ कास्पेरेक टीम की रीढ़ हैं। युवा ऑलराउंडर अमेलिया केर भी टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और न्यूजीलैंड की टीम टूर्नामेंट में चौंकाने वाला प्रदर्शन कर सकती है।*




# ओबीसी आयोग के सर्वे में नाम छूटा है तो जुड़वाने का है मौका

## 8 अक्टूबर तक जुड़वा सकते हैं नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में आरक्षण की अनुशंसा के लिए गठित पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग ने कहा है कि जिलों से प्राप्त प्रविष्टियों को आयोग की वेबसाइट में संकलित किया गया है, जिसके आधार पर प्रत्येक जिले में पिछड़े वर्गों की परिवार संख्या तथा कुल जनसंख्या के अनंतिम आंकड़े आयोग को प्राप्त हो गये हैं। इसके बाद भी जिन लोगों के नाम छूट गए हैं, वे 8 अक्टूबर तक नाम जुड़वा सकते हैं। आयोग ने इस संबंध में एक सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की है। इसमें कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश में पिछड़े वर्गों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति का अध्ययन एवं सुझाव व अनुशंसाएँ प्रेषित करने के लिए छ.ग. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन 16 जून 2024 को किया गया है,आयोग 12अगस्त से कार्यरत है। आयोग द्वारा पिछड़े वर्ग समुदाय के परिवार व सदस्यों के संबंध में सर्वे के निर्देश जिला कलेक्टरों को 54 कॉलम के प्रपत्र में जानकारी संकलित कर आयोग को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके लिए 01 माह का समय दिया गया, उक्त अवधि 20 सितंबर को समाप्त हो गई थी, जिसे 30 सितंबर तक बढ़ाया गया। जिलों से प्राप्त प्रविष्टियों को आयोग की वेबसाइट में संकलित किया गया है, जिसके आधार प्रत्येक जिले में पिछड़े वर्गों की परिवार संख्या तथा कुल जनसंख्या के अनंतिम आंकड़े आयोग को प्राप्त हो गये हैं।

### नाम जुड़वाने के लिए ये है प्रक्रिया

आयोग ने निर्णय लिया है कि जिले में किसी पिछड़े वर्गों परिवार व्यक्तियों का नाम छूट गया है तो ऐसे व्यक्ति व परिवार 8 अक्टूबर तक संबंधित नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत के अधिसूचित नोडल अधिकारी से संपर्क कर 54 कॉलम का फार्म प्राप्त कर लेवें और व्यक्तिगत जानकारी भरकर इसे जमा कर दें। जिला प्रशासन ऐसे छूटे हुए परिवारों के आंकड़ों को शामिल कर 10 अक्टूबर तक वेबसाइट में पूर्ण करेंगे, इसके बाद प्राप्त आंकड़ों को अंतिम माना जायेगा। 10 अक्टूबर के बाद किसी परिवार का नाम सूची में छूट जाता है तो इसके लिए जिला प्रशासन, छ.ग. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग उत्तरदायी नहीं होगा।

# तीनों धर्मों के लिए पवित्र है

# दुनिया की वो छोटी सी जगह, जिस पर मुसलमान, ईसाई और यहूदी करते हैं दावा, आखिर क्यों है इतनी जरूरी?

*दुनिया में ऐसे बहुत से बहुत से शहर हैं जिनमें अलग-अलग धर्मों के लिए अहमियत रखने वाली चीजें मौजूद हैं। पर दुनिया में एक छोटी सी जगह ऐसी भी है, जहां 1 नहीं, 3 धर्मों के लोग अपना दावा ठोंकते हैं। ये जगह जमीन का एक छोटा सा हिस्सा है, मगर इतना जरूरी है कि सालों से इसको लेकर युद्ध हो रहे हैं। इस जगह का नाम है यरूशलम (**Which place is most sacred for 3 religion**) जो इजरायल में है।*

**वॉशिंगटन।** इस शहर में एक छोटा सा इलाका है, जो ईसाई, यहूदी और मुसलमानों के लिए बेहद पवित्र है। इस वजह से इसे दुनिया के सबसे पवित्र शहरों में एक माना जाता है। इस शहर के मध्य में पुराना शहर (Jerusalem) है जिसे ओल्ड सिटी कहते हैं। चारों ओर किले की तरह दीवार हैं जिसके आसपास तीनों धर्मों के पवित्र स्थान हैं। ईसाइयों के क्षेत्र में द चर्च ऑफ द होली सेपल्कर मौजूद है। ये दुनियाभर में ईसाइयों के लिए पवित्र स्थान है, क्योंकि उनका मानना है कि यहीं पर यीशु मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। उसके साथ ही



वो यहीं पर ही अवतरित हुए थे। बीबीसी के अनुसार मुसलमानों के इलाके में डोम ऑफ रॉक और अल-अक्सा मस्जिद है। इस्लाम में इस जगह को बेहद पवित्र माना जाता है। कहते हैं कि पैगंबर मोहम्मद ने मक्का से यहां तक का सफर तय किया था। इसके बाद डोम ऑफ रॉक से ही वो जन्नत की ओर गए थे। शहर का तीसरा हिस्सा यहूदियों के हवाले है। इस हिस्से में प्राचीन मंदिर की दीवारें हैं जो अवशेष के रूप में हैं, मगर उनकी आस्था का केंद्र हैं। माना जाता है कि यहीं पर अब्राहम ने बेटे आईजैक की कुर्बानी दी थी।

### सालों से जारी है जगह को लेकर विरोध

*1967 में इजरायल ने जब अरब देशों से 6 दिनों तक जारी युद्ध को जीता तो उन्होंने पूर्वी यरूशलम को अपने कब्जे में कर लिया। इजरायल ने मस्जिद का कंट्रोल एक इस्लामिक ग्रुप को दिया पर इजरायली फोर्स वहां जा सकती थीं। उन्होंने ईसाइयों को भी वहां जाने की अनुमति दे दी। मुस्लिम समुदाय के लोग चाहते थे कि मस्जिद के उस इलाके में जाने से दूसरे धर्मों को रोका जाए, जो मुसलमानों के लिए सबसे ज्यादा पवित्र थे। बस इसी बात को लेकर उनके बीच का झगड़ा बढ़ता गया।*

# राजेश ज्वेलर्स लूटकांड में छह आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रामानुजगंज/बलरामपुर

राजेश ज्वेलर्स में दिनदहाड़े हथियार के बल पर हुई लूट के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 21 दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने इस मामले में छह आरोपियों को दिल्ली, मोहाली और औरंगाबाद से गिरफ्तार करने के साथ ही 2 करोड़ 40 लाख रुपए का सामान बरामद किया है। इसके साथ ही आरोपियों से दो पिस्टल, घटना में प्रयुक्त बाइक, बोलेरो वाहन को जब्त किया है। इस वारदात में शामिल दो आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे है जिनकी तलाश की जा रही है। आरोपियों ने प्लानिंग के साथ रेकी कर वारदात को अंजाम दिया था। लूट की प्लानिंग सोनू सोनी के की

- **लुटे गए सोने चांदी समेत 2.40 करोड़ का सामान बरामद**



थी और अपने भाई मोनू सोनी उर्फ बुकी को वारदात को अंजाम देने भेजा था। पुलिस की कामयाबी पर पुलिस महानिदेशक ने इनाम की घोषणा की है। गुरुवार को लूटकांड का खुलासा नवपदस्थ एसपी वैभव बैंकर ने की है। बता दें की पार्षद और व्यवसायी राजेश सोनी के राजेश ज्वेलर्स में 11 सितंबर की दोपहर डेढ़ बजे तीन हथियारबंद लोगों ने पिस्टल अड़ाकर लूट की वारदात अंजाम दिया था। आरोपियों ने व्यवसायी राजेश सोनी के साथ मारपीट करने के साथ ही लूट की।

**दो आरोपी फरार, जिन्हें भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा**

लूट के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस ने 2 करोड़ 40 लाख रुपए का सामान, पिस्टल, घटना में प्रयुक्त वाहन को जब्त किया है। दो आरोपी फरार चल रहे है जिन्हे भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत की और पुलिस महानिदेशक ने टीम के लिए इनाम की घोषणा की है।
-**वैभव बैंकर**, एसपी

### दिल्ली, मोहाली और औरंगाबाद में छिपे थे आरोपी

पुलिस टीम ने जांच उपरान्त वारदात में शामिल मुख्य आरोपी पलामू चैनपुर निवासी 24 वर्षीय मोनू सोनी उर्फ राजा सोनी उर्फ बुकी, उसके भाई व घटना के मास्टर माइंड सोनू सोनी के साथ ही उसके मामा अरविन्द सोनी को दिल्ली पुलिस के सहयोग से हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी मोनू सोनी व सोनू सोनी ने बताया कि सोनू की गर्लफ्रेंड अंजनी एक्का को पंजाब के मोहाली पुलिस की मदद से हिरासत में लिया गया। इसी तरह पुलिस ने औरंगाबाद के अम्बा थाना अंतर्गत महावीरगंज निवासी राहुल मेहता व जमुआ निवासी विक्की सिंह को भी बिहार के औरंगाबाद से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली है। इस मामले में दो अन्य आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है।

# वो मंदिर, जहां माता को चढ़ता है चाऊमीन-फ्राइड राइस का भोग

**कोलकाता।** पूजा-पाठ कोई भी हो, भगवान को इंसान अपनी परिस्थिति के हिसाब से भोग लगाता है। आमतौर पर ये मिठाई-दही, फल और कुछ खास पकवान होते हैं। हाद में इसी भोग को प्रसाद के रूप में लोगों को बांटा जाता है। आज हम आपको एक ऐसे मंदिर के बारे में बताएंगे, जहां माता को अलग ही किस्म का भोग लगता है, जो आपने कभी नहीं सुना होगा। हमारे देश में आस्था से ऊपर कुछ भी नहीं है। ईश्वर की पूजा भी लोग अपने हिसाब से करते हैं और उन्हें अपनी ही तरह मानकर वही भोग चढ़ाते हैं, जो खुद खाते हैं। हालांकि, आज हम आपको एक ऐसे मंदिर के बारे में बताएंगे, जहां माता को इन सबसे अलग चाइनीज़ खाने का भोग लगता है।



### माता को चढ़ता है चाइनीज़ खाना

ये खास मंदिर बंगाल की राजधानी कोलकाता में तांग्रा नाम की जगह पर मौजूद है। इसे चाइना टाउन भी कहा जाता है। दरअसल, 1930 में चीनी कोल्ड वॉर के दौरान कुछ लोग यहां आकर रहने लगे थे। जीविका के लिए उन्होंने खाने-पीने की चीजें बेचनी शुरू की और इंडो चाइनीज़ क्यूज़ीन यहां मशहूर हो गया।



Ajay Advt.







# 'मैं नहीं चहता, तू एक्सीडेंट में मरे' रात-रात भर घूमता था बेटा, पापा ने चौराहे पर रखकर फूंक दी बाइक!




**कुआलालम्पुर** । हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे को वो सब कुछ मिले, जिसकी उसे इच्छा होती है। उनकी उम्र के साथ-साथ उनकी डिमांड बढ़ती जाती है और पैरेंट्स उन्हें सुविधाएं देते भी हैं। कई बार ये सुविधाएं ही मुसीबत बन जाती हैं और माता-पिता को सख्त कदम उठाने पड़ जाते हैं। ऐसा ही एक वाक्या मलेशिया से सामने आया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक पापा ने खुद ही बड़े शौक से बेटे को बाइक दिलाई थी।

### जान बचाने के लिए उठाया कदम

बेटे ने कई मोटरबाइक रेस में भी हिस्सा लिया और वो शाम को काफी देर से घर लौटता था। इसकी वजह से उसके पिता को हमेशा बेटे की सुरक्षा का डर सताता रहता था। पिता ने कई बार बेटे को समझाने की भी कोशिश की, लेकिन वो हर बार उनकी बात अनसुनी कर देता था। ऐसे में उन्होंने ये फैसला किया कि बेटा एक्सीडेंट में मरे, इससे पहले उसकी बाइक को ही खत्म कर दिया जाए।

# 'सोने का उल्लू आखिर मिल ही गया, 31 साल से पूरा देश कर रहा था तलाश

**पेरिस।** उल्लू अगर दिख जाए तो माना जाता है कि घर में खुशियां आने वाली हैं। इसे मां लक्ष्मी का वाहन माना जाता है। लेकिन, फ्रांस में बीते 31 साल से सोने के एक उल्लू की तलाश हो रही थी। पूरा फ्रांस उस उल्लू को ढूंढने की कोशिश कर रहा था। जगह-जगह खुदाई हो रही थी। अब जाकर सोने को उल्लू को जमीन से खोदकर निकाला जा सका है। इसके साथ ही ऐलान कर दिया गया है कि अब कहीं भी उल्लू को तलाशने की कोशिश न करें। उसे ढूंढा जा चुका है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को डिस्कॉर्ड फोरम पर मिशेल बेकर नाम के एक शख्स ने लिखा, हम ऑफिशियली कंफर्म करते हैं कि सुनहरे उल्लू (Golden Owl) को ढूंढ लिया गया है।



## निधन

### नारायण साव का निधन



**जरहागांव।** ग्राम लोहडिया के वरिष्ठ नागरिक एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के चाचा नारायण साव का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पगड़ी रस्म एवं श्रद्धांजलि सभा

पूज्य माताजी
(वंदना ग्रुप की चेयरपरसन)
**श्रीमती गंगा देवी अग्रवाल जी**
(धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री निरंजनलाल जी अग्रवाल)
का बैकुंठवास सोमवार,
दिनांक 23.09.2024 को हो
गया था ।



आपका त्याग, समर्पण और प्रेम
हमारे जीवन का सबसे बड़ा वरदान था ।
आपकी आत्मा की शक्ति और आपका अटूट धैर्य
हमें हर कठिनाई में संबल देता रहेगा ।

शुक्रवार, दिनांक 4 अक्टूबर 2024, सायं 4 बजे
स्थानः रॉयल कोर्ट हॉल, होटल बेबीलॉन इन्टरनेशनल,
वीआईपी रोड, रायपुर (छ.ग.)

**शोकाकुल**

चतुर्भुज अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, विनोद अग्रवाल
प्रहलाद अग्रवाल एवं अशोक अग्रवाल (पुत्र) सुमित्रा देवी, सावित्री देवी (पुत्री)
नवीन, विवेक, विजित, प्रतीक, प्रथम, वरुण, वंश (पौत्र)
एवं समस्त उमरवासिया परिवार.

VANDANAA
• वन्दना ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज • गंगा डायग्नोस्टिक एवं मेडिकल सेंटर
• श्री रामस्वरूपदास निरंजनलाल धर्मशाला

हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com